फेयर ट्रेड यू.एस.ए. (Fair Trade USA)
वस्त्रों और घरेलू सामान के लिए फैक्टरी मानक 1.2
के लिए अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड

FTUSA_AHGFactory_CC_1.2v1_HI_03202014

मार्च 20, 2014

आगामी पेजों में, प्रत्येक मानक के बाद एक सारणी दी गई है जिसमें उस मानक से जुड़े अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड दिए गए हैं, जिनके आधार पर फैक्टरियों की लेखा-परीक्षा की जाती है। इन सारणियों के, "वर्ष" सम्बंधी कॉलम में उस वर्ष को दर्शाया गया है जिस वर्ष तक उस अपेक्षा को पूरा कर लिया जाना चाहिए। जिन अपेक्षाओं के लिए वर्ष 0 दर्शाया गया है, उन्हें आरम्भिक प्रमाणन से पूर्व पूरा किया जाना चाहिए। सारणियों में भी कुछ मानदण्डों को "मुख्य" अपेक्षाओं के रूप में दर्शाया गया है। "मुख्य" अपेक्षाओं के रूप में चिह्नित किए गए मानदण्ड मूलभूत फेयर ट्रेड मूल्य और सिद्धान्त हैं, और इन अपेक्षाओं का अनुपालन न किए जाने को विशेष रूप से गम्भीर माना जाता है।

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
EM	**सशक्तीकरण**			
MS	फेयर ट्रेड प्रबंधन प्रणालियाँ			
EM-MS 1	EM-MS 1.1	कम्पनी फेयर ट्रेड (Fair Trade) की अवधारणा को अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यक्रम के भाग के रूप में अपनी नीति या उद्देशिका में शामिल करती है।	0	
	EM-MS 1.2	फैक्टरी में सभी स्तरों पर फेयर ट्रेड की अवधारणा और व्यवस्था को लागू करने के लिए फेयर ट्रेड समिति (Fair Trade Committee) तथा श्रमिकों के प्रतिनिधियों सहित सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।	1	
EM-MS 2	EM-MS 2.1	वरिष्ठ प्रबंधक वर्ग फेयर ट्रेड मानकों (Fair Trade Standards) के कार्यान्वयन के लिए समग्र रूप से उत्तरदायी है।	0	
	EM-MS 2.2	एक फेयर ट्रेड अधिकारी [Fair Trade (FT) Officer] नियुक्त किया गया है जो कार्यकारी प्रबंधक के अधीन कार्य करता है।	0	
	EM-MS 2.3	फेयर ट्रेड अधिकारी (FT Officer) के उत्तरदायित्व स्पष्ट, उपयुक्त और लिखित रूप में निर्धारित किए गए हैं।	0	
EM-MS 3	EM-MS 3.1	मानव संसाधन [Human Resources (HR)], स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा पर्यावरण [Health and Safety, and Environment (HSE)] के लिए प्रबंधन प्रणालियाँ विकसित की गई हैं। प्रबंधन ने इन प्रणालियों के सतत विकास के लिए निवेश करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।	1	
	EM-MS 3.2	एक सक्षम और योग्य मानव संसाधन (HR) प्रबंधक नियुक्त किया गया है।	1	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
ES-MS 3	EM-MS 3.3	फैक्टरी (आंतरिक लेखा-परीक्षाओं के माध्यम से) नियोजन प्रक्रियाओं का नियमित स्व-मूल्यांकन करती है।	3	
EM-MS 4	EM-MS 4.1	फैक्टरी सामाजिक मानकों, श्रम कानूनों और फैक्टरी की मानव संसाधन सम्बंधी नीतियों को समझने और उन्हें लागू करने के लिए आवश्यक कौशलों का सुधार करने के लिए प्रबंधन स्टाफ को प्रशिक्षित करती है।	3	
	EM-MS 4.2	फैक्टरी श्रमिकों के बीच कार्यस्थल पर सामाजिक और नैतिक मानकों और फैक्टरी की मानव संसाधन सम्बंधी नीतियों की जानकारी सुनिश्चित करने के लिए श्रमिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था करती है।	1	
	EM-MS 4.3	साक्षात्कार किए गए ज़्यादातर श्रमिकों (कम से कम 51%) को फैक्टरी की मानव संसाधन सम्बंधी नीतियों की जानकारी है।	3	
	EM-MS 4.4	फैक्टरी की यह लिखित मानव संसाधन सम्बंधी नीति है कि न्यूनतम कवर मजदूरी, लाभ और कटौतियाँ, नियमित तथा समयोपरि कार्य घंटे और दरें, अनुशासनात्मक तथा सेवा समाप्ति, शिकायत निवारण प्रक्रियाएं, और उत्पीड़न तथा दुर्व्यवहार सम्बंधी प्रक्रियाओं की जानकारी उस (उन) भाषा(ओं) में लिखी जाए जिसे श्रमिक समझते हैं, और उसकी एक प्रति श्रमिकों को दी जाए।	0	
EM-MS 5	EM-MS 5.1	सभी स्थायी निवासी श्रमिकों के बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध है।	3	
PTA	श्रमिकों की भागीदारी, पारदर्शिता और वित्तीय जवाबदेही			
EM-PTA 1	EM-PTA 1.1	श्रमिक अन्य-पक्ष की लेखा-परीक्षाओं में भाग लेते हैं और उन्हें इन लेखा-परीक्षाओं के निष्कर्षों की समीक्षा करने और उन पर टिप्पणी करने का अवसर दिया जाता है। श्रमिकों को लेखा-परीक्षाओं में भाग लेने या लेखा-परीक्षकों को सूचना/ फीडबैक देने के लिए दंडित नहीं किया जाता है।	0	
EM-PTA 2	EM-PTA 2.1	फेयर ट्रेड मानकों की अपेक्षा के अनुसार श्रमिकों, श्रमिक संघ (जहाँ लागू हो) और फैक्टरी प्रबंधन ने मिलकर एक फेयर ट्रेड समिति गठित की है जिसमें श्रमिक, श्रमिक संघ के प्रतिनिधि और प्रबंधक शामिल हैं।	0	M
	EM-PTA 2.2	एक संविधान तैयार किया गया है जिसमें फेयर ट्रेड समिति के उद्देश्यों, कामकाज, संरचना, साधनों और प्रक्रियाओं को परिभाषित किया गया है।	0	
	EM-PTA 2.3	संविधान को श्रमिकों की महासभा द्वारा विधिवत अनुमोदित किया गया है।	0	
	EM-PTA 2.4	जब आवश्यक हो, फेयर ट्रेड समिति का संविधान प्रतिनिधित्व/ प्रत्यायोजन की योजना को स्पष्टतया परिभाषित करता है।	0	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
EM-PTA 3	EM-PTA 3.1	एक पृथक फेयर ट्रेड प्रीमियम (Fair Trade Premium) बैंक खाता स्थापित किया गया है।	0	
	EM-PTA 3.2	फेयर ट्रेड समिति में कम से कम श्रमिकों का एक प्रतिनिधि और प्रबंधन का एक प्रतिनिधि इस खाते का संयुक्त हस्ताक्षरकर्ता है।	0	
EM-PTA 4	EM-PTA 4.1	फेयर ट्रेड प्रीमियम का उपयोग करके किसी भी प्रकार की स्थायी परिसम्पत्तियाँ अर्जित किए जाने से पहले एक विधिक निकाय स्थापित किया जाता है।	0	
	EM-PTA 4.2	फेयर ट्रेड प्रीमियम और फेयर ट्रेड प्रीमियम के उपयोग से अर्जित परिसम्पत्तियों के स्वामित्व की दृष्टि से कम्पनी के कर्मचारी विधिक निकाय में शामिल होते हैं और निकाय सभी कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है।	0	
	EM-PTA 4.3	संविधान में सभी श्रमिकों/ सदस्यों की महासभा (General Assembly) को निकाय के सर्वोच्च निर्णायक प्राधिकरण के रूप में परिभाषित किया गया है।	0	
EM-PTA 5	EM-PTA 5.1	फेयर ट्रेड समिति के अधिकांश सदस्य श्रमिकों में से चुने जाते हैं।	0	
	EM-PTA 5.2	श्रमिकों के प्रतिनिधियों का चुनाव प्रबंधन के प्रभाव से मुक्त एक ऐसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है जिसके दस्तावेज़ी प्रमाण उपलब्ध कराए जा सकते हैं।	0	M
	EM-PTA 5.3	श्रमिकों के सभी समूह फेयर ट्रेड समिति के चुनावों में भाग ले सकते हैं और उन्हें मतदान करने और फेयर ट्रेड समिति के लिए नामांकित किए जाने का समान अधिकार है।	0	
	EM-PTA 5.4	फैक्टरी फेयर ट्रेड समिति के सदस्यों की बरखास्तगी के सभी मामलों का रिकॉर्ड रखती है।	0	
EM-PTA 6	EM-PTA 6.1	प्रबंधन द्वारा प्रबंधन के प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है और सम्बंधित प्रक्रिया को समुचित ढंग से अभिलेखबद्ध किया गया है।	0	
	EM-PTA 6.2	प्रबंधन कटौतियाँ किए बिना कार्य समय के दौरान फेयर ट्रेड बैठकों के नियमित आयोजन के लिए संसाधन उपलब्ध कराता है।	1	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
EM-PTA 7	EM-PTA 7.1	फेयर ट्रेड समिति फेयर ट्रेड प्रीमियम की निधियों का आबंटन करने के लिए श्रमिकों की महासभा के साथ सम्पर्क में रहती है।	1	
	EM-PTA 7.2	फेयर ट्रेड प्रीमियम के व्यय और उससे सम्बंधित सभी मामलों का निर्णय श्रमिकों के साथ परामर्श के बाद केवल फेयर ट्रेड समिति के द्वारा ही किया जाता है।	1	
	EM-PTA 7.3	फेयर ट्रेड प्रीमियम के उपयोग सम्बंधी फेयर ट्रेड समिति के निर्णय आम सहमति के आधार पर किए जाते हैं, या आम सहमति न होने की स्थिति में निर्णय श्रमिकों के प्रतिनिधियों के बहुमत के आधार पर लिया जाता है।	1	
	EM-PTA 7.4	फेयर ट्रेड समिति द्वारा फेयर ट्रेड प्रीमियम सम्बंधी कार्य योजना (Fair Trade Premium Work Plan) तैयार की गई है।	1	
	EM-PTA 7.5	फेयर ट्रेड प्रीमियम सम्बंधी कार्य योजना में अपेक्षित आय पर आधारित यथोचित बजट शामिल होता है और फेयर ट्रेड प्रीमियम के उपयोग सम्बंधी प्राथमिकताएं निर्धारित की जाती हैं।	1	
	EM-PTA 7.6	फेयर ट्रेड प्रीमियम सम्बंधी कार्य योजना को श्रमिकों की महासभा द्वारा लोकतांत्रिक ढंग से अग्रिम स्वीकृति प्रदान की जाती है।	1	
	EM-PTA 7.7	फेयर ट्रेड समिति के नए सदस्यों को फेयर ट्रेड समिति के कामकाज और उत्तरदायित्वों के सम्बंध में आरम्भिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।	1	
	EM-PTA 7.8	फेयर ट्रेड समिति में श्रमिकों के प्रतिनिधियों की क्षमता के विकास का कार्य नियमित रूप से किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।	3	
EM-PTA 8	EM-PTA 8.1	फेयर ट्रेड प्रीमियम का प्रबंधन और उपयोग पारदर्शी और सुसंगत ढंग से किया जाता है।	1	M
	EM-PTA 8.2	प्राप्त होने वाले प्रीमियम, कमीशन और प्रभारों से सम्बंधित जानकारी को प्रबंधन द्वारा फेयर ट्रेड समिति के सदस्यों को तत्परता से उपलब्ध कराया जाता है।	1	
	EM-PTA 8.3	फेयर ट्रेड प्रीमियम का उपयोग कम्पनी की परिचालन लागत या इस फेयर ट्रेड मानक के अनुपालन पर होने वाले व्ययों को वहन करने के लिए नहीं किया जाता है।	1	
	EM-PTA 8.4	फेयर ट्रेड समिति सभी श्रमिकों को एक वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट उपलब्ध कराती है जिसमें फेयर ट्रेड प्रीमियम से हुई आय, व्यय और तुलन के साथ-साथ समिति के कार्यकलापों और मौजूदा फेयर ट्रेड प्रीमियम परियोजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी जाती है। जिस वर्ष में अधिक (10,000 यूरो से अधिक) फेयर ट्रेड प्रीमियम राशियाँ सृजित होती हैं, उस वर्ष बाह्य वित्तीय लेखा-परीक्षाएं भी आयोजित की जाती हैं।	1	
EM-PTA 9	EM-PTA 9.1	प्रमाणन के बाद एक वर्ष की अवधि के भीतर EM-PTA 2 में की गई अपेक्षा के भाग के अनुसार गठित उचित व्यापार समिति के नियम, विनियम और प्रक्रियाएं तैयार कर ली जाती हैं और श्रमिकों को उपलब्ध करा दी जाती हैं।	1	
EM-PTA 10	EM-PTA 10.1	फेयर ट्रेड समिति फेयर ट्रेड प्रीमियम सम्बंधी कार्य योजना को तैयार करने के लिए आवश्यक योजना और विश्लेषण कार्य (जिसके लिए मूल्यांकन, प्राथमिकता निर्धारण, सम्भाव्यता अध्ययन लागत विश्लेषण, कार्यान्वयन और मॉनीटरिंग तथा बजट निर्धारण की आवश्यकता होती है) में सुधार करने के लिए कदम उठाती है।	3	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
EM-PTA 11	EM-PTA 11.1	उचित व्यापार समिति को टेलीफोन, ई-मेल और/या फैक्स जैसे प्रशासनिक और संचार साधन प्रयोग के लिए उपलब्ध होते हैं - और जहाँ आधारभूत ढांचे में इसकी व्यवस्था हो, उसका अपना स्वतंत्र ई-मेल अकाउंट होता है।	3	
GP	शिकायत निवारण सम्बंधी प्रक्रिया			
EM-GP 1	EM-GP 1.1	प्रबंधन यह सुनिश्चित करता है कि श्रमिक बदले की कार्रवाई या किसी अन्य प्रकार के नकारात्मक प्रभावों के भय के बिना एकत्र होकर कार्यस्थल से सम्बंधित शिकायतों के बारे में चर्चा करने के अधिकार का प्रयोग कर सकें।	0	
	EM-GP 1.2	अनुरोध किए जाने पर श्रमिकों के प्रतिनिधियों को बैठक करने के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाता है ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वाह कर सकें।	0	
	EM-GP 1.3	शिकायतों का रिकॉर्ड रखा जाता है, जिसमें शिकायत का ब्योरा, जाँच की प्रक्रिया और शिकायत से जुड़े व्यक्तियों, और प्रत्येक शिकायत के निवारण के लिए की गई कार्रवाई का विवरण दिया जाता है।	1	
	EM-GP 1.4	शिकायत निवारण की प्रक्रिया श्रमिकों को बदले की सम्भावित कार्रवाई से सुरक्षा प्रदान करती है, श्रमिक को किसी पर्यवेक्षक के खिलाफ शिकायत की रिपोर्ट उस पर्यवेक्षण से भिन्न किसी अन्य व्यक्ति के पास करने की अनुमति प्रदान करती है, और उसमें प्रबंधन द्वारा शिकायत पर अनुवर्ती कार्रवाई का प्रावधान किया गया है।	0	M
EM-GP 2	EM-GP 2.1	शिकायत निवारण प्रक्रिया के सम्बंध में फैक्टरी की लिखित नीतियाँ हैं जिनकी जानकारी प्रभावी ढंग से सभी श्रमिकों को दी गई हैं।	0	
	EM-GP 2.2	फैक्टरी प्रबन्धन फेयर ट्रेड यू.एस.ए. या उसके प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करने या फेयर ट्रेड यू.एस.ए. की शिकायत प्रक्रिया का प्रयोग करने के कारण कर्मचारियों को दण्डित नहीं करता है।	0	
	EM-GP 2.3	फैक्टरी संघ बनाने की स्वतंत्रता (Freedom of Association) से सम्बंधित सभी शिकायतों और उन पर की गई कार्रवाइयों को मॉनीटर और रिपोर्ट करने के लिए श्रमिक संघ और/या श्रमिकों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय करती है।	1	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
ED	**आर्थिक विकास**			
FTP	फेयर ट्रेड प्रीमियम			
ED-FTP 1	ED-FTP 1.1	खरीददार सभी फेयर ट्रेड ऑर्डर्स पर फेयर ट्रेड प्रीमियम (Fair Trade Premium) का भुगतान करते हैं, जिसका लाभ उत्पादन करने वाले सभी श्रमिकों को मिलता है। न्यूनतम फेयर ट्रेड प्रीमियम का निर्धारण मानक (Standard) के परिशिष्ट (Appendix) में किए गए वर्णन के अनुसार किया जाता है।	1	M
CE	नियोजन की शर्तें; SA 8000: कार्य के घंटे और पारिश्रमिक			
ED-CE 1	ED-CE 1.1	कार्य स्थल शारीरिक दंड और शारीरिक उत्पीड़न और दुर्व्यवहार से मुक्त है। कार्य स्थल यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार से मुक्त है। कार्य स्थल मनोवैज्ञानिक, मौखिक उत्पीड़न और दुर्व्यवहार से मुक्त है।	0	M
	ED-CE 1.2	फैक्टरी एक लिखित उत्पीड़न-रोधी और दुर्व्यवहार-रोधी नीति का पालन करती है। फैक्टरी की लिखित प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं : क. उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के मामलों को रिपोर्ट करना ख. उत्पीड़न और दुर्व्यवहार सम्बंधी मामलों की जाँच करना ग. प्रत्येक प्रकार के दुर्व्यवहार के लिए मानकीकृत प्रतिबंध	0	
	ED-CE 1.3	अनुशासनात्मक और निष्कासन की कार्रवाई के सम्बंध में फैक्टरी एक लिखित नीति का पालन करती है। लिखित नीति में निम्नलिखित विवरण शामिल हैं : क. सभी प्रबंधकों, पर्यवेक्षकों और श्रमिकों के लिए आचार संहिता ख. अतिक्रमण या उल्लंघन के कृत्य ग. तत्सम्बंधी अनुशासनात्मक कार्रवाई	0	
	ED-CE 1.4	नीति में अनुशासनात्मक और निष्कासन की प्रक्रिया का स्पष्ट विवरण दिया गया है। प्रक्रिया में निम्नलिखित शामिल हैं: क. भूल करने वाले श्रमिकों को उनके अतिक्रमण या उल्लंघन के बारे में सूचित किया जाना। ख. सम्बंधित श्रमिक का प्रत्युत्तर या स्पष्टीकरण ग. क्रमिक अनुशासनात्मक कार्रवाई का कार्ययान्वयन (उदाहरण के लिए मौखिक चेतावनियाँ और लिखित चेतावनियाँ) घ. प्रतिकूलतः निर्णीत शिकायतों या अनुशासनात्मक कार्रवाइयों के मामलों में अपील की व्यवस्था।	0	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
ED-CE 1	ED-CE 1.5	फैक्टरी प्रबंधक वर्ग और पर्यवेक्षकों के लिए आवधिक उत्पीड़न-रोधी और दुर्व्यवहार रोधी प्रशिक्षण आयोजित करती है। फैक्टरी उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की रोकथाम की दृष्टि से श्रमिकों के लिए सतत शिक्षण कार्यक्रम चलाती है। फैक्टरी में श्रमिकों से उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के मामलों की रिपोर्टें प्राप्त करने और उन पर कार्रवाई करने के लिए फैक्टरी में एक निर्दिष्ट इकाई या निर्दिष्ट स्टाफ उपलब्ध है। निर्दिष्ट स्टाफ/ इकाई उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के मामलों को सँभालने के लिए समुचित प्रशिक्षण प्राप्त है।	1	
	ED-CE 1.6	फैक्टरी पर्यवेक्षकों और प्रबंधकों को कार्मिकों और अनुशासन और निष्कासन प्रक्रियाओं से सम्बंधित कार्य को सँभालने के लिए प्रवृत्त और प्रशिक्षित करती है।	1	
	ED-CE 1.7	फैक्टरी में प्रबंधकों और पर्यवेक्षकों के लिए सकारात्मक प्रबंधन तकनीकों के सतत शिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था है।	3	
	ED-CE 1.8	अनुशासनात्मक और निष्कासन सम्बंधी सभी नोटिसों (उदाहरण के लिए लिखित चेतावनियों, प्रतिबंधों और अन्य सहायक दस्तावेज़ों) को अभिलेखबद्ध और फाइलबद्ध किया जाता है। अनुशासनात्मक नोटिसों की अन्तर्वस्तु (जो लागू हों, उन्हें चिह्नित करें) में निम्नलिखित शामिल होते हैं: क. उल्लंघन की घटना का सारांश (घटित होने का समय, स्थान, गवाह, कर्मचारी का प्रत्युत्तर) ख. अनुशासनात्मक नोटिस जारी किए जाने की तारीख ग. विचार-विमर्श और सम्बंधित कार्रवाई का परिणाम घ. प्रबंधक वर्ग के हस्ताक्षर ङ कर्मचारी द्वारा अनुशासनात्मक नोटिस प्राप्त किए जाने का प्रमाण	0	
	ED-CE 1.9	श्रमिकों को कभी त्यागपत्र, किसी कोरे कागज़ या खाली या अधूरे फॉर्म पर हस्ताक्षर करने के लिए बाध्य नहीं किया जाता है।	0	M
	ED-CE 1.10	जिन श्रमिकों से बात की गई, उन्होंने सुरक्षा गार्डों द्वारा धमकाए जाने की घटनाओं का उल्लेख नहीं किया है।	1	
	ED-CE 1.11	फैक्टरी में सभी स्तरों पर श्रमिकों को अनुशासित करने और नौकरी से हटाए जाने के लिए स्थापित प्रक्रिया का पालन किया जाता है।	1	
	ED-CE 1.12	अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं में निलम्बन या बरखास्तगी किए जाने से पहले बढ़ते हुए आधिकारिक क्रम में मौखिक या लिखित चेतावनियाँ दिए जाने की प्रक्रिया शामिल है।	0	
	ED-CE 1.13	मन्दगति से कार्य करने या गँवाए गए समय के लिए की गई कटौतियाँ वास्तव में गवाँए गए समय के लिए देय मजदूरी की राशि से अधिक नहीं हैं।	1	
	ED-CE 1.14	श्रमिकों को अनुशासनात्मक और निष्कासन सम्बंधी प्रक्रियाओं की जानकारी प्रभावी ढंग से दी जाती है।	1	
	ED-CE 1.15	जिन श्रमिकों से बात की गई उनमें से अधिकांश मानते हैं कि ये अनुशासनात्मक प्रक्रियाएं युक्तिसंगत हैं।	1	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
ED-CE 1	ED-CE 1.16	अनुशासनात्मक कार्रवाइयों में श्रमिकों के वेतन से दंडात्मक कटौतियों (जुर्मानों) को शामिल नहीं किया गया है।	0	
	ED-CE 1.17	फैक्टरी की उत्पादन लक्ष्यों और समय-सीमाओं को तय करने की व्यवस्था स्पष्ट और सुस्थापित है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निर्धारित लक्ष्य व्यावहारिक और युक्तिसंगत कार्यक्षमता दरों पर आधारित हों।	1	
	ED-CE 1.18	श्रमिकों को उत्पादन सम्बंधी निर्धारित कोटा पूरा न कर पाने पर दंडित नहीं किया जाता है।	1	
	ED-CE 1.19	जिन श्रमिकों से बात की गई, वे उत्पादन कोटा को युक्तिसंगत मानते हैं।	1	
ED-CE 2	ED-CE 2.1	श्रमिक प्रति सप्ताह 48 घंटे के नियमित कार्य समय या निर्धारित विधिक समय सीमा, जो भी कम हो, से अधिक समय तक कार्य नहीं करेंगे।	0	
	ED-CE 2.2	फैक्टरी की नीति में अस्थायी, स्थायी, अंशकालिक, पूर्णकालिक, समयोपरि, और अधिकतम अनुमत कार्य घंटों को परिभाषित किया गया है।	0	
	ED-CE 2.3	श्रमिकों के नियमित कार्य की समय-सारणी विधि-सम्मत है।	0	
	ED-CE 2.4	श्रमिकों को कानूनी अपेक्षानुसार कार्य से अवकाश दिए जाते हैं।	0	
	ED-CE 2.5	जिन देशों में क्षेत्रक के लिए सामूहिक सौदाकारी समझौता (Collective Bargaining Agreement) (CBA) पर सहमति हो, वहाँ कम्पनी ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर करती है और उसका पालन करती है।	1	
ED-CE 3	ED-CE 3.1	कार्मिकों को लगातार छह कार्य दिवसों के बाद कम से कम एक दिन का अवकाश दिया जाएगा। इस नियम के अपवाद केवल तभी लागू होते हैं जब निम्नलिखित में से दोनों स्थितियाँ विद्यमान हों: क) राष्ट्रीय कानून इस सीमा से अधिक अवधि के कार्य समय की अनुमति देता हो; और ख) कोई ऐसा वार्तातय सामूहिक सौदाकारी समझौता लागू हो जिसमें पर्याप्त विश्राम अवधियों को शामिल करते हुए कार्य समय के औसत की गणना करने की अनुमति हो।	0	
	ED-CE 3.2	समयोपरि कार्य की विधिक सीमाएं निर्धारित न होने की स्थिति में, श्रमिक प्रति सप्ताह कुल 60 घंटे से अधिक नियमित कार्य नहीं करते हैं। कोई अप्रत्याशित घटना, जैसे खराब मौसम, कोई प्राकृतिक आपदा या बिजली की आपूर्ति ठप्प होना ही कार्य घंटों की सीमाओं का अपवाद हो सकती हैं।	0	
ED-CE 4	ED-CE 4.1	जब तक कि नियोजन के अनुबंध पत्र में या सामूहिक सौदाकारी समझौते (CBA) में इसका विस्तारपूर्वक निर्धारण न किया गया हो, समस्त समयोपरि कार्य स्वैच्छिक होगा।	0	M
	ED-CE 4.2	फैक्टरी की समयोपरि कार्य सम्बंधी लिखित प्रक्रियाओं में इस बात का उल्लेख/ इस बात को शामिल किया गया है कि समयोपरि कार्य सदैव स्वेच्छा पर आधारित है।	0	
	ED-CE 4.3	समयोपर कार्य की सीमा प्रति सप्ताह 12 घंटे से अधिक नहीं है। (जहाँ राष्ट्रीय या स्थानीय कानून में इसे परिभाषित न किया गया हो, वहाँ आठ घंटे के कार्य-दिवस के बाद किए गए किसी भी कार्य को समयोपरि कार्य माना जाएगा।)	0	
ED-CE 4	ED-CE 4.4	समयोपरि कार्य करने से इन्कार करने पर श्रमिकों पर कोई अप्रत्यक्ष प्रभाव नहीं डाला जाता है और न कोई जुर्माना लगाया जाता है।	1	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
ED-CE 5	ED-CE 5.1	यदि अधिमूल्य दर की योजना लागू करने और भुगतान करने पर पर्याप्त संख्या में स्वैच्छिक समयोपरि कार्य करने वाले श्रमिक उपलब्ध नहीं होते हैं तो कम्पनी राष्ट्रीय कानून या कम्पनी के पर्याप्त श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रमिक संगठन के साथ स्वतंत्र रूप से वार्तातय सामूहिक सौदाकारी समझौते की शर्तों के अनुसार ही श्रमिकों से समयोपरि कार्य की मांग कर सकती है। ऐसा कोई भी समझौता इस मानक की अपेक्षाओं के अनुरूप होना चाहिए।	0	
ED-CE 6	ED-CE 6.1	मात्रानुपाती दर वाले श्रमिकों सहित सभी श्रमिकों को उनके आधार वेतन के रूप में कम से कम विध-सम्मत न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाता है। आधार वेतन में सामान्यतया समयोपरि कार्य की मजदूरी या बोनस को शामिल नहीं किया जाता है।	0	M
	ED-CE 6.2	फैक्टरी राष्ट्रीय/ स्थानीय कानूनों के अनुरूप या किसी सामूहिक सौदाकारी समझौते में यथानिर्धारित नियमित और समयोपरि कार्य की मजदूरी के भुगतान की लिखित नीति का पालन करती है। इस नीति में निम्नलिखित विवरण शामिल हैं: क. सभी श्रेणियों के श्रमिकों के लिए नियमित और समयोपरि मजदूरी की दरें। ख. मजदूरी की गणना करने की विधि ग. भुगतान सम्बंधी समय-सारणी घ. सभी प्रकार की कटौतियों का पूरा विवरण	0	
ED-CE 7	ED-CE 7.1	श्रमिकों की मजदूरी से की जाने वाली कोई भी ऐसी कटौती जिसकी श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए कानून में व्यवस्था न हो, केवल श्रमिक की पूर्ण और स्वैच्छिक लिखित सहमति के आधार पर ही की जा सकती है।	0	
	ED-CE 7.2	जहाँ कम्पनी श्रमिकों को आवास की सुविधा प्रदान करती है, वहाँ आवास उचित मूल्य पर या निःशुल्क प्रदान किया जाता है।	0	
ED-CE 8	ED-CE 8.1	कम्पनी लिखित प्रक्रियाओं का पालन करती है जिनमें निम्नलिखित का उल्लेख किया जाता है : क. मजदूरी के भुगतान की विधि ख. शिकायतों को रिपोर्ट करने की प्रक्रियाएं और मजदूरी का तदनुरूपी समायोजन	0	
	ED-CE 8.2	कम्पनी श्रमिकों को देय लाभों, अवकाशों और कटौतियों के सम्बंध में एक लिखित नीति का पालन करती है जो सामाजिक लाभों से सम्बंधित राष्ट्रीय/ स्थानीय कानूनों या किसी सामूहिक सौदाकारी समझौते में निर्धारित शर्तों के अनुरूप है।	0	
	ED-CE 8.3	भुगतान विधि-मान्य मुद्रा में किया जाता है।	0	M
	ED-CE 8.4	श्रमिकों को सदैव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समय पर भुगतान किया जाता है।	0	M
	ED-CE 8.5	विगत में मजदूरी का कम भुगतान किए जाने की प्रतिपूर्ति पिछले 12 महीनों के ब्याज का भुगतान करके की जाती है।	0	M

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
ED-CE 8	ED-CE 8.6	सभी मजदूरों को कानूनी रूप से देय सभी लाभों का भुगतान किया जाता है। लाभों का भुगतान मजदूरी पर रहने की अवधि में या कानून द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर किया जाता है।	0	M
	ED-CE 8.7	कानूनी दृष्टि से देय सभी प्रकार के बोनसों का भुगतान पूर्ण और समय पर किया जाता है।	0	
	ED-CE 8.8	टाइम-कार्डों में समयोपरि कार्य घंटों सहित कार्य के सभी घंटों को दर्ज किया जाता है।	0	
	ED-CE 8.9	सवेतन और अवैतनिक रोग अवकाश, छुट्टी अवकाश, वार्षिक अवकाश और आकस्मिक अवकाश के मामले में स्थानीय नियमों का पालन किया जाएगा। वार्षिक अवकाश, जिसमें रोग अवकाश और आकस्मिक अवकाश शामिल नहीं हैं, में प्रतिवर्ष दो सप्ताह का सवेतन अवकाश शामिल होगा।	0	M
ED-CE 9	ED-CE 9.1	सभी श्रमिकों को विधिमान्य समयोपरि दर का भुगतान किया जाता है।	0	M
	ED-CE 9.2	यदि कोई दर विनिर्दिष्ट न की गई हो तो समयोपरि का भुगतान प्रति घंटे की दर के डेढ़ गुना दर पर किया जाएगा; साप्ताहिक अवकाश और सार्वजनिक अवकाश की प्रतिपूर्ति प्रति घंटा दर से दुगनी दर पर की जाएगी।	0	
	ED-CE 9.3	यदि समयोपरि कार्य की प्रतिपूर्ति अंशतः या पूर्णतः समाप्त-समय का आबंटन करके की जाती है, तो समय की प्रतिपूर्ति के लिए अधिमूल्यता के घटक को लागू किया जाना चाहिए।	1	
ED-CE 10	ED-CE 10.1	कानूनी या सामाजिक सुरक्षा बाध्यताओं से बचने के उद्देश्य से प्रशिक्षुता योजनाओं सहित केवल-श्रमिक संविदा व्यवस्थाओं को अपनाए जाने की अनुमति नहीं है।	0	M
	ED-CE 10.2	जहाँ कानून में ऐसा करने की स्पष्ट अनुमति दी गई हो, उस स्थिति को छोड़कर प्रशिक्षुता मजदूरी, नियोजन-पूर्व शुल्क, जमा-राशि, या ऐसी अन्य प्रक्रियाएं अपनाने की अनुमति नहीं है जो किसी कर्मचारी के वेतन को विधिमान्य न्यूनतम मजदूरी से काफी कम कर देती हैं।	0	
	ED-CE 10.3	फैक्टरी श्रमशक्ति की एक रूपरेखा और फेहरिस्त तैयार करती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी श्रमिक को विधि-सम्मत सीमा से अधिक समय तक अस्थायी न रखा जाए।	1	
	ED-CE 10.4	अस्थायी श्रमिकों की नियुक्ति के लिए फैक्टरी एक स्पष्ट प्रक्रिया अपनाती है जिसमें निर्दिष्ट किया गया है कि ऐसे श्रमिकों की आवश्यकता कब और किस कार्य के लिए होती है।	1	
	ED-CE 10.5	फैक्टरी प्रशिक्षणार्थियों की नियुक्ति के लिए एक स्पष्ट और मानक प्रक्रिया अपनाती है।	1	
	ED-CE 10.6	फैक्टरी श्रमिकों को निश्चित-अवधि से अनिश्चित अवधि के अनुबंधों में पदोन्नत करने की व्यवस्था का पालन करती है।	3	
	ED-CE 10.7	फैक्टरी अस्थायी श्रमिकों का मूल्यांकन करके उन्हें नियमित तौर पर पदोन्नत करने की व्यवस्था अपनाती है।	3	
	ED-CE 10.8	फैक्टरी प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन करके उन्हें नियमित श्रमिक के रूप में अपग्रेड करने की व्यवस्था अपनाती है।	3	
	ED-CE 10.9	अस्थायी श्रमिकों को विधि के अनुसार नौ महीने बाद, या उससे पूर्व स्थायी श्रमिक के रूप में अपग्रेड कर दिया जाता है।	1	
ED-CE 10	ED-CE 10.10	प्रशिक्षणार्थी/ परिवीक्षाधीन श्रमिकों को विधि के अनुसार तीन महीने बाद या उससे पहले स्थायी श्रमिकों के रूप में अपग्रेड कर दिया जाता है।	1	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
ED-CE 11	ED-CE 11.1	सभी श्रमिकों को प्रत्येक भुगतान अवधि के लिए एक वेतन पर्ची दी जाती है जिसमें निम्नलिखित सूचना दर्शाई जाती है : क. वेतन दिवस और भुगतान की अवधि ख. नियमित दर/ आधार मजदूरी ग. किए गए कार्य के नियमित घंटे घ. किए गए समयोपरि कार्य के घंटे ङ नियमित मजदूरी च. समयोपरि कार्य की मजदूरी छ. लाभ ज. बोनस झ. सकल आय ञ. मदवार कटौतियाँ ट. निवल आय	0	
	ED-CE 11.2	यदि मजदूरी की गणना करने के लिए श्रम घंटों का उपयोग किया जाता है, तो फैक्टरी एक कार्य-समय का पालन करती है जहाँ श्रमिक औपचारिक रूप से आगमन और प्रस्थान का समय दर्ज करते हैं।	1	
	ED-CE 11.3	फैक्टरी मात्रानुपाती दर वाले श्रमिकों सहित, सभी श्रमिकों को इस बात की जानकारी देती है कि उनकी मजदूरी की गणना किस प्रकार की जाती है और मजदूरी की गणना की व्यवस्था में बदलाव होने पर उन्हें पुनः जानकारी देती है। मात्रानुपाती दर की गणना के फार्मूले में स्थापित मात्रानुपाती दर प्रति उत्पाद के मॉडल/ शैली पर आधारित प्रति नग मूल्य शामिल होता है।	1	
	ED-CE 11.4	कम से कम 75 प्रतिशत श्रमिकों को यह जानकारी है कि उनकी मजदूरी की गणना किस प्रकार की जाती है।	1	
	ED-CE 11.5	जिन श्रमिकों से बात की गई उनमें से कम से कम 80 प्रतिशत श्रमिकों को जानकारी थी कि वे कौन-कौन से लाभ प्राप्त करने के हकदार हैं।	1	
ED-CE 12	ED-CE 12.1	सभी श्रमिकों के नियोजन अनुबंध पत्र में मजदूरी के भुगतान के कार्यक्रम सहित आधार मजदूरी और समयोपरि मजदूरी की दरें विनिर्दिष्ट होती हैं।	1	
	ED-CE 12.2	फैक्टरी में श्रमिकों को काम पर रखने के प्रभारी स्टाफ को सभी नए काम पर रखे जाने वाले मजदूरों को नियोजन के समझौते की शर्तों को स्पष्ट करना होता है, जिसमें श्रमिकों के स्वेच्छा से त्यागपत्र देने और समयोपरि कार्य करने से इन्कार करने के अधिकार सम्बंधी प्रावधान शामिल हैं। श्रमिकों के नियोजन के समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए कहे जाने से पहले इस प्रक्रिया को पूरा किया जाता है।	1	
ED-CE 13	ED-CE 13.1	समयोपरि कार्य घंटों में कार्य करने से पहले समयोपरि कार्य की दर पर लिखित सहमति व्यक्त की जाती है।	0	
ED-CE 14	ED-CE 14.1	प्रबंधन श्रमिकों को विश्राम-काल उपलब्ध कराता है जो राष्ट्रीय या स्थानीय कानून की अपेक्षाओं के बराबर या उससे अधिक है।	0	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
	ED-CE 14.2	प्रबंधन पूर्ण-कालिक स्थायी श्रमिकों को प्रति वर्ष कम से कम 12 दिन के सवेतन अवकाश की सुविधा प्रदान करता है। अंश-कालिक या मौसमी श्रमिकों के मामले में आनुपातिक विश्राम-काल की व्यवस्था है।	1	
ED-CE 15	ED-CE 15.1	स्थानीय और प्रवासी, मौसमी और स्थायी श्रमिकों को किए गए समान कार्य के लिए एक-बराबर मज़दूरी और समयोपरि भुगतान का प्रावधान है।	0	
SR	**सामाजिक उत्तरदायित्व**			
PC	बच्चों और युवा जन की सुरक्षा; SA 8000: बाल श्रम			
SR-PC 1	SR-PC 1.1	15 वर्ष से कम उम्र के, या अनिवार्य स्कूली शिक्षा पूर्ण करने की उम्र से कम उम्र के, जो भी अधिक हो, बच्चों को श्रमिक के रूप में नियोजित नहीं किया जाता है।	0	M
	SR-PC 1.2	फैक्टरी की नीति में यह प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है कि फैक्टरी 15 वर्ष से कम उम्र के या अनिवार्य स्कूली शिक्षा पूर्ण करने की उम्र के, जो भी अधिक हो, बच्चों को श्रमिक के रूप में नियोजित नहीं करेगी और इसका समर्थन भी नहीं करेगी।	0	
	SR-PC 1.3	बाल श्रम के सम्बंध में फैक्टरी की एक लिखित नीति है जो राष्ट्रीय कानून के अनुरूप है। इस नीति में निम्नलिखित शामिल हैं: क. नियोजन की न्यूनतम आयु ख. नियोजन की प्रक्रियाओं का विवरण ग. आयु के सत्यापन के लिए आवश्यक दस्तावेज़ घ. बाल श्रम की घटना उजागर होने पर उसकी रिपोर्टिंग की प्रक्रियाएं	0	
	SR-PC 1.4	श्रमिकों की उम्र का सत्यापन करने के लिए फैक्टरी की प्रक्रियाएं प्रभावोत्पादक हैं।	1	M
	SR-PC 1.5	बाल श्रम पर कम्पनी की नीतियों और प्रक्रियाओं के बारे में फैक्टरी सभी प्रबंधकों, पर्यवेक्षकों, और श्रमिकों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित करती है।	1	
	SR-PC 1.6	भर्ती, चयन और नियोजन के लिए मानव संसाधन (HR) यूनिट/ अधिकारी निर्दिष्ट किया गया है। यह अधिकारी या यूनिट साक्षात्कार करने और आयु का सत्यापन करने की तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त है। युवा श्रमिकों का पर्यवेक्षण करने के लिए एक कर्मचारी निर्दिष्ट किया गया है।	0	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
SR-PC 1	SR-PC 1.7	माता-पिता के कार्य में सहायता करने या कोई अन्य कार्य करने के लिए बच्चों को कार्य स्थल पर लाने की अनुमति नहीं है।	0	
SR-PC 2	SR-PC 2.1	जहाँ बाल श्रमिक कार्य कर चुके हैं या जहाँ विगत में उन्हें नियोजित किया गया है वहाँ यह अपेक्षा की जाती है कि कम्पनी प्रमाणन के एक वर्ष की अवधि के भीतर मानक की अपेक्षाओं का पूर्ण अनुपालन करने के लिए एक सुधारात्मक नीति लागू करेगी। सुधारात्मक नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जो बच्चे एक बार नियोक्ता कम्पनी के लिए कार्य कर चुके हैं, उन्हें इससे बदतर किस्म के कार्यों में फिर न लगाया जा सके।	1	
SR-PC 2	SR-PC 2.2	फैक्टरी यह सुनिश्चित करती है कि ऐसे समाधान विकसित किए जाएं ताकि (क) समस्या की पुनरावृत्ति न हो और (ख) समाधान के कारम अन्य प्रकार की समस्याएं उत्पन्न न हों।	1	
SR-PC 3	SR-PC 3.1	15-18 वर्ष के आयु वर्ग के श्रमिकों के लिए रात के समय कार्य करना वर्जित है।	0	M
	SR-PC 3.2	लागू होने वाले स्थानीय कानून के तहत् फैक्टरी युवा श्रमिकों के मामले में एक लिखित नीति का पालन करती है जिसमें कार्य सम्बंधी प्रतिबंधों का उल्लेख किया गया है। इस नीति में निम्नलिखित विवरण शामिल हैं : क. कार्य के प्रकार ख. कार्य की समय-सारणी ग. अन्य प्रतिबंध	0	
	SR-PC 3.3	युवा श्रमिकों के नियोजन के लिखित समझौते में कार्य सम्बंधी प्रतिबंधों से सम्बंधित अन्तरराष्ट्रीय मानकों और स्थानीय कानूनों का पालन करते हुए कार्य समय सम्बंधी और कार्य की प्रकृति सम्बंधी प्रतिबंधों का स्पष्ट उल्लेख किया जाता है।	1	
	SR-PC 3.4	फैक्टरी युवा कर्मचारियों की एक फेहरिस्त तैयार करती है, जिसमें कम से कम, श्रमिक के नाम, नियोजन की तारीख, जन्म-तिथि, उम्र, निर्दिष्ट विभाग, दायित्व/ पद, कार्य समय-सारणी और प्रत्यक्ष पर्यवेक्षक के नाम की जानकारी होती है।	1	
	SR-PC 3.5	फैक्टरी यह सुनिश्चित करती है कि 18 वर्ष से कम उम्र के श्रमिकों के कार्य का उनकी स्कूली शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव न हो।	0	
	SR-PC 3.6	जिन युवा श्रमिकों को रक्षक प्रतिबंधों की आवश्यकता होती है, उनके नियोजन में कानून का कड़ाई से पालन किया जाता है (उदाहरण के लिए कार्य घंटे, मजदूरी, शारीरिक परीक्षण, पंजीकरण, कार्य की प्रकृति)।	0	
	SR-PC 3.7	कम्पनी को श्रमिक की आयु को ध्यान में न रखते हुए हमेशा समान महत्व के कार्य के लिए समान वेतन और समान अवसर के सिद्धान्त को लागू करना चाहिए।	0	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
SR-PC 3	SR-PC 3.8	युवा श्रमिकों की मजदूरी और नियोजन बरकरार रखते हुए उन्हें शिक्षा, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सभी कानूनी बाध्यताओं में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा।	1	
SR-PC 4	SR-PC 4.1	18 वर्ष से कम उम्र के श्रमिकों को ऐसी स्थितियों में कार्य करने के लिए नहीं कहा जाता है जहाँ उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा, विकास या नैतिक सिद्धान्त खतरे में पड़ सकते हों, उदाहरण के लिए रसायनों को स्पर्श करना, रात्रि की पारियों में कार्य करना।	0	
FL	बेगार तथा मानव तस्करी से मुक्ति; SA 8000: बेगार तथा अनिवार्य मजदूरी			
SR-FL 1	SR-FL 1.1	सभी श्रमिक दंड या जुर्माने की धमकी के बिना स्वेच्छा से कार्य या सेवा करते हैं और उनका नियोजन किसी बंधपत्र, ऋण, या किसी अन्य बाध्यता के आधार पर नहीं किया जाता है।	0	M
	SR-FL 1.2	फैक्टरी श्रमिकों के स्वैच्छिक नियोजन का समर्थन करने वाली एक लिखित नीति अपनाती है जो बेगार से मिलती-जुलती निम्लिखित प्रकार की प्रथाओं को प्रतिबंधित करती है: क. ऋण-बंधन ख. करारबद्ध श्रम ग. अनैच्छिक कारावास श्रम का प्रयोग घ. बंधुआ मजदूरी ङ. बाल बिक्री या तस्करी	0	
SR-FL 2	SR-FL 2.1	श्रमिक द्वारा लिखित अनुरोध किए जाने को छोड़कर किसी भी स्थिति में कम्पनी श्रमिकों के किसी भी निजी दस्तावेज़ की मूल प्रति अपने पास जमा नहीं करती है।	0	M
SR-FL 3	SR-FL 3.1	कम्पनी की लिखित नीति है कि श्रमिकों की सुरक्षा के विधि सम्मत कारणों को छोड़कर किसी अन्य कारण से आवागमन की स्वतंत्रता पर कोई प्रतिबंध नहीं है।	0	
	SR-FL 3.2	जब श्रमिक फैक्टरी के अन्दर काम कर रहे हों तो उन्हें बाहर निकले से रोकने के लिए किसी भी निकास द्वार पर ताला नहीं लगाया जाता है।	0	M
	SR-FL 3.3	श्रमिकों को शौचालय जाने और पेयजल की सुविधा अबाधित उपलब्ध रहती है।	0	M
	SR-FL 3.4	श्रमिकों की निजी सलामती और अन्य श्रमिकों की सुरक्षा के विधिसम्मत कारणों को छोड़कर किसी अन्य कारण से किसी श्रमिक की आवाजाही पर कोई अन्य प्रतिबंध नहीं लगाए गए हैं।	0	M

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
SR-FL 3	SR-FL 3.5	फैक्टरी में कार्य घंटों की अवधि में फैक्टरी से बाहर जाने के लिए श्रमिकों को अनुमति प्रदान करने के लिए दिशानिर्देश और प्रक्रियाएं तय की गई हैं।	1	
	SR-FL 3.6	श्रमिक नियोक्ता को समुचित नोटिस देने के बाद उसे छोड़कर जाने के लिए स्वतंत्र हैं।	0	
	SR-FL 3.7	किसी श्रमिक का नियोजन उसके पति या पत्नी के नियोजन की शर्त पर आधारित नहीं है। पति या पत्नी को अन्यत्र कार्य करने का अधिकार है।	0	
SR-FL 4	SR-FL 4.1	श्रमिकों को अपने नियोजन के लिए किसी प्रकार के नियोजन-पूर्व शुल्क या भर्ती शुल्क (संविदा पर कार्य करने वाले विदेशी श्रमिकों को छोड़कर) का भुगतान नहीं करना पड़ता है और कोई बंधपत्र या जमानत राशि देने, या पहचान सम्बंधी दस्तावेज़ जमा नहीं कराने पड़ते हैं।	0	M
	SR-FL 4.2	विदेशी संविदा श्रमिकों के नियोजन समझौते में फैक्टरी या श्रमिकों के दलाल द्वारा की जाने वाली कटौतियों की राशि और विधि का उल्लेख किया गया है, और समझौते में इस आशय का प्रावधान किया गया है कि श्रमिक का प्रत्यावर्तन किए जाने की स्थिति में प्रत्यावर्तन पर होने वाला व्यय फैक्टरी द्वारा वहन किया जाएगा।	3	
	SR-FL 4.3	उत्पादन करने वाले सभी श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान सीधे फैक्टरी द्वारा किया जाता है।	1	
	SR-FL 4.4	फैक्टरी घरेलू श्रमिकों का नियोजन किसी ऐसे अन्य पक्ष या बिचौलिए के माध्यम से नहीं करती है जिसका श्रमिकों के साथ अनुबंध हो या जिस पर श्रमिकों के वेतन और लाभों का भुगतान करने का दायित्व हो।	1	
	SR-FL 4.5	यदि फैक्टरी संविदा पर विदेशी श्रमिकों का नियोजन करती है, तो फैक्टरी सभी अनुवंधित श्रमिकों के सम्बंध में एक सूची तैयार करती है जिसमें निम्नलिखित सूचना शामिल होती है: संविदा श्रमिक का नाम, उसके देश या मूल निवास के स्थान का नाम, नियोजन की तारीख और संविदा की अवधि, और भर्ती करने वाली एजेंसी का विवरण।	1	
	SR-FL 4.6	फैक्टरी यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाती है कि फैक्टरी को विदेशी संविदा श्रमिक उपलब्ध कराने के लिए अनुबंधित श्रमिक दलाल या भर्ती एजेंसी श्रमिकों को भेजने वाले देश (जो श्रमिकों का मूल स्थान है) और श्रमिकों को ग्रहण करने वाले देश (जहाँ फैक्टरी स्थित है), दोनों ही देशों में श्रमिकों के कल्याण की सुरक्षा करने वाले कानूनों का पालन करते हों।	0	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
SR-FL 4	SR-FL 4.7	श्रमिकों के दलालों के साथ फैक्टरी के समझौते में निम्नलिखित प्रावधान शामिल होते हैं: (1) फैक्टरी मजदूरी का भुगतान सीधे श्रमिकों को करती है; (2) श्रमिकों द्वारा भुगतान की जाने वाली जमानत की राशि या शुल्क की शर्तें या भार कानूनी सीमाओं के अन्दर है; (3) श्रमिक के अपने गृह देश लौटने से सम्बंधित शर्तें कोई ऐसा वित्तीय भार उत्पन्न नहीं करती हैं जिससे बेगार की स्थितियाँ उत्पन्न हों; (4) रोज़गार प्राप्त करने के लिए आवश्यक ऋण की ब्याज दरों के कारण कोई ऐसा वित्तीय बोझ उत्पन्न नहीं होता है जिससे बेगार की स्थिति उत्पन्न हो, और (5) चाहे श्रमिक को निष्कासित किया गया हो या उसने त्यागपत्र दिया हो, श्रमिक की संविदा खत्म होने पर श्रमिकों के दलाल के पास जमा की गई किसी भी जमानत राशि को पूर्णतः लौटा दिया जाएगा।	0	
	SR-FL 4.8	प्रत्येक कर्मचारी को उसके नियोजन समझौते और कर्मचारी की विवरण पुस्तिका या मानव संसाधन नीतियों की एक प्रति दी जाती है जिसमें निरक्षर कर्मचारियों के लिए व्यवस्था की जाती है कि वे इनमें दी गई शर्तों को समझ सकें।	1	
OH	व्यावसायिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा; SA 8000: स्वास्थ्य एवं सुरक्षा			
SR-OH 1	SR-OH 1.1	फैक्टरी और फैक्टरी परिसर में ऐसी कोई स्थितियाँ मौजूद नहीं हैं जिनके कारण श्रमिकों के स्वास्थ्य/सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न हो।	0	M
	SR-OH 1.2	अग्निशामक यंत्र : क. प्रत्येक श्रमिक से 75 फीट (23 मीटर) की दूरी के अन्दर स्थित हैं ख. पूरी तरह चार्ज किए गए हैं ग. उन्हें आसानी से देखा और उन तक पहुँचा जा सकता है घ. स्पष्ट तौर पर चिह्नित किए गए हैं ङ पर प्रयोग के लिए लिखित निर्देश दिए गए हैं च. अग्निशामक यंत्र (FE) अपने आस-पास के क्षेत्र में आग लगने के जोखिम से निपटने के लिए उपयुक्त हैं छ. रखरखाव के अद्यतन टैग्स से युक्त हैं (फैक्टरी द्वारा महीने में एक बार जाँच की जाती है) ज. साल में एक बार (या जैसा नियम हो) योग्य अनुरक्षण कर्मी द्वारा सर्विस के जाते हैं।	0	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
SR-OH 1	SR-OH 1.3	आपातकालीन निकास द्वार निम्नलिखित अपेक्षाओं को पूरा करते हैं : क. 500 श्रमिकों तक वाले फैक्टरी के तल पर कम से कम दो निकास द्वार हैं जिनकी निकास चौड़ाई 22 इंच/ .55 मीटर है। ख. 500 से अधिक श्रमिकों वाले फैक्टरी के तल पर कम से कम तीन निकास द्वार हैं जिनकी निकास चौड़ाई 22 इंच/ .55 मीटर है। ग. निकास द्वार एक दूसरे से पर्याप्त दूरी पर हैं। घ. प्रत्येक वर्क-स्टेशन निकास द्वार से 200 फीट की दूरी के अन्दर स्थित है। ङ. निकास द्वार के सामने कभी कोई बाधा नहीं खड़ी की जाती है। च. जब श्रमिक कार्य कर रहे हों तो निकास द्वारों को अबाधित रखा जाता है या उनमें ऐसी चिटकनियाँ लगाई जाती हैं जिन्हें खोलने के लिए विशेष प्रयत्न करने की आवश्यकता नहीं होती। छ. निकास द्वार के दरवाज़े बाहर की ओर खुलते हैं। ज. निकास द्वार से निकलने वाला मार्ग भवन से बाहर किसी सुरक्षित स्थान की ओर जाता है।	0	
	SR-OH 1.4	आपातकालीन निकास मार्ग और गलियारे निम्नलिखित अपेक्षाओं को पूरा करते हैं : क. सुवाधाजनक ढंग से बच निकलने के लिए वर्क-स्टेशनों के बीच के गलियारों की चौड़ाई पर्याप्त है (लगभग 44 इंच/ 112 से.मी.) ख. गलियारों को हर समय उपकरणों और सामग्रियों से खाली रखा जाता है। ग. आपातकालीन निकास मार्गों के अद्यतन नक्शे पूरी फैक्टरी में जगह जगह इस प्रकार लगाए गए हैं कि उन्हें आसानी से देखा जा सके। घ. प्रत्येक नक्शे पर "आप यहाँ है" का चिह्न नक्शे को लगाए जाने के स्थान के अनुरूप है।	0	
	SR-OH 1.5	निकास मार्गों में प्रकाश की व्यवस्था के लिए सीढ़ियों और दूसरे महत्वपूर्ण स्थानों पर आपात-लाइटें लगाई गई हैं जिनमें बैटरी से बैक-अप की व्यवस्था है।	1	
	SR-OH 1.6	फैक्टरी में एक या अधिक ध्वनि करने वाला अग्नि/ निकासी अलार्म लगा है जो चालू हालत में है। इन अलार्मों को फैक्टरी में विभिन्न स्थानों से बजाया जा सकता है। जिन स्थानों में कानों को तेज़ ध्वनि से सुरक्षा प्रदान करने वाले उपकरणों का प्रयोग किया जाता है वहाँ फैक्टरी में दिखाई देने वाले अलार्म, उदाहरण के लिए फ्लैश करने वाली लाल बत्तियों की व्यवस्था है।	0	M
	SR-OH 1.7	दुर्घटना से बचाव और बचाव की कार्रवाई सहित सुरक्षा सम्बंधी निर्देश और प्रक्रियाओं की जानकारी श्रमिकों को उनके कार्यस्थल पर सुगमता से उपलब्ध है।	1	
	SR-OH 1.8	अधिक जोखिम वाली मशीनरी जिसके कारण गम्भीर चोट लगने या मृत्यु होने की सम्भावना हो, के सम्बंध में समुचित रक्षोपाय किए जाने चाहिए और सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था की जानी चाहिए।	0	M

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
SR-OH 1	SR-OH 1.9	सभी मशीनों में : क. सिलाई मशीनों के लिए आवश्यक नीडल-गार्ड्स ख. ओवर-लॉक मशीनों के लिए नीडल-गार्ड्स ग. लॉक-स्विच बटनिंग मशीनों के लिए आई-गार्ड्स घ. दो-हाथों से प्रचालन (प्रेसिंग, स्टैम्पिंग मशीनें) की व्यवस्था ङ. आपातकालीन पावर कट-ऑफ च. इंस्युलेटिड केबल्स (स्टीम आयरन) छ. ग्राउंडिंग/ अर्थिंग (थ्री-प्राँग प्लग्स) ज. इलेक्ट्रिक फैन ब्लेड कवर्स झ. चलने वाले पुर्ज़ों के लिए सुरक्षा कवर्स हैं।	0	
	SR-OH 1.10	बिजली की वायरिंग और पैनल बॉक्स सुरक्षित हालत में हैं और बिजली के केबल्स और तारों को सुरक्षित स्थानों पर लगाया गया है। बिजली के उपकरण, वायरिंग और आउटलेट्स के स्थान निर्धारण, ग्राउंडिंग और ओवलोडिंग तथा लीकेज की नियमित जाँच का कार्य एक व्यावसायिक योग्यताप्राप्त कर्मी द्वारा किया जाता है।	0	
	SR-OH 1.11	एलिवेटर (Elevator) क. जब एलिवेटर का प्रयोग नहीं किया जा रहा होता है तो उसके शाफ्ट द्वार बन्द कर दिए जाते हैं। ख. एलिवेटर की भार वहन करने की क्षमता को स्पष्टतया एलिवेटर के अन्दर या दरवाज़ों पर प्रदर्शित किया गया है। ग. आग लगने की स्थिति में एलिवेटर का प्रयोग न करने की चेतावनी को एलिवेटर के दरवाज़े पर या उसके नज़दीक प्रदर्शित किया गया है।	1	
	SR-OH 1.12	बॉयलर्स क. बॉयलर एक सुरक्षित स्थान पर स्थित है (ऐसा स्थान जहाँ श्रमिकों के लिए कोई खतरा नहीं है) ख. इन स्थानों पर "धूम्रपान निषेध" संकेत लगाए गए हैं।	0	
	SR-OH 1.13	विस्फोट के खतरों को निम्नलिखित उपायों के माध्यम से कम किया जाता है : क. लिक्विड प्रोपेन गैस के टैंक/ सिलिंडरों को सुरक्षित स्थान पर रखा जाता है (बाहर खुले में, जहाँ उन पर धूम्रपान निषेध के संकेतों सहित चेतावनियाँ लिखी होती हैं और उन्हें निकास द्वारों से दूर रखा जाता है) ख. एसिटिलीन टैंकों को सुरक्षित स्थानों पर रखा जाता है (ज्वलनशील रसायनों, ताप के स्रोतों से दूर) ग. ज्वलनशील सामग्रियों का भंडारण करने वाले रसायन भंडारों या गोदामों में विस्फोट-सह लाइट्स और स्विच (रबरनिर्मित, वायुरुद्ध ढाँचे में बंद) लगाए जाते हैं।	0	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
SR-OH 1	SR-OH 1.14	फैक्टरी में निम्नलिखित अद्यतन रखरखाव/ निरीक्षणों के रिकॉर्ड फाइल पर उपलब्ध हैं: क. वैद्युत प्रणालियाँ ख. आपातकालीन लाइट्स ग. आपातकालीन अलार्म घ. मशीनों, उपकरणों और वायरिंग के निरीक्षण और मरम्मत सम्बंधी रिकॉर्ड ङ. पानी के उपयोग हेतु सुरक्षित होने सम्बंधी आवधिक परीक्षण के रिकॉर्ड (जल परीक्षण रिपोर्ट) च. जिन क्षेत्रों में विषैले या नुकसानदेह रसायनों का प्रयोग किया जाता है वहाँ के लिए हवा की गुणवत्ता की मॉनीटरिंग (परीक्षण)	0	
	SR-OH 1.15	फैक्टरी के पास निम्नलिखित के लिए वैध अनुमति-पत्र हैं : क. एलिवेटर्स ख. बॉयलर्स ग. जनरेटर्स घ. एयर प्रेशर टैंक ङ. एल.पी.जी. टैंक च. प्रैशर सिस्टम्स छ. कम्प्रेस्ड एयर रिसीवर्स ज. अपशिष्ट जल सम्बंधी अनुमति-पत्र	0	
	SR-OH 1.16	शोर का स्तर नियमित तौर पर 85 डेसिबल से अधिक नहीं होता है।	0	
	SR-OH 1.17	कार्य क्षेत्रों के तापमान को इस प्रकार से नियंत्रित किया जाता है कि श्रमिक यह शिकायत न करें कि गर्मी या सर्दी उनके कार्य या स्वास्थ्य पर प्रभाव डालती हैं।	0	
	SR-OH 1.18	(लेखापरीक्षकों और श्रमिकों के मूल्यांकन के अनुसार) रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था है और श्रमिक अपना कार्य कर सकते हैं।	0	
	SR-OH 1.19	कार्य क्षेत्रों में संवातन की पर्याप्त व्यवस्था है और बहुत हल्के धुएं से अधिक धुआं महसूस नहीं किया जा सकता है।	0	
	SR-OH 1.20	कार्य क्षेत्र में रखरखाव और संवातन की उचित व्यवस्था है ताकि: - धूल/कणों की उपस्थिति सामान्य से अधिक न दिखाई दे - ताज़ा हवा उस क्षेत्र में खिंच कर आ सके और क्षेत्र में फैल सके।	0	
	SR-OH 1.21	18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों, गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं, मानसिक रोगों से ग्रस्त व्यक्तियों, पुरानी, यकृत या गुर्दे की बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों, और श्वास के रोगियों को स्वास्थ्य की दृष्टि से खतरनाक कार्य नहीं सौंपे जाते हैं।	0	
SR-OH 2	SR-OH 2.1	प्रभावी स्वास्थ्य तथा सुरक्षा प्रबंधन व्यवस्था के कार्यान्वयन की देखरेख करने के लिए फैक्टरी द्वारा एक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा अधिकारी (H&S Officer) या प्रबंधन के किसी अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधि की	1	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
	SR-OH 2.2	नियुक्त किया गया वरिष्ठ प्रबंधन प्रतिनिधि प्रोटोकॉल और नीतियाँ निर्धारित करेगा, प्रशिक्षण तथा शिक्षा देगा, समुचित अभिलेखीकरण सुनिश्चित करेगा और नियमित मॉनीटरिंग का कार्य करेगा।	1	
	SR-OH 2.3	स्वास्थ्य तथा सुरक्षा अधिकारी के दायित्व स्पष्ट और अभिलेखबद्ध हैं।	1	
	SR-OH 2.4	स्वास्थ्य तथा सुरक्षा अधिकारी एक वार्षिक कार्य योजना (जो फेयर ट्रेड कार्यक्रम (Fair Trade Program) का हिस्सा हो सकती है) तैयार करता है जिसे प्रबंधन द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।	1	
SR-OH 3	SR-OH 3.1	वर्ष में कम से कम दो बार फैक्टरी-व्यापी अग्नि शमन अभ्यास (और स्थानीय तौर पर उपयुक्त अन्य प्रकार के आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण) का आयोजन किया जाता है।	0	M
	SR-OH 3.2	बीस प्रतिशत श्रमिकों को अग्निशामक यंत्रों के प्रयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है।	0	
	SR-OH 3.3	क्षमताओं के विकास और व्यावसायिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा सम्बंधी मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से श्रमिकों और उनके प्रतिनिधियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाता है। श्रमिकों (जिनमें नए और पुनःपदस्थापित श्रमिक शामिल हैं) और उनके प्रतिनिधियों को यह प्रशिक्षण कार्य समय के दौरान दिया जाता है। स्वास्थ्य तथा सुरक्षा प्रशिक्षण में निम्नलिखित शामिल होते हैं : क. अग्निशामक यंत्रों के प्रयोग सम्बंधी अभिमुखीकरण ख. आपात स्थिति में बचाव की योजना, जिसमें निकासी की प्रक्रियाएं शामिल हैं ग. उपलब्ध कराएं गए वैयक्तिक सुरक्षा उपकरण [Personal Protective Equipment (PPE)] का प्रयोग किस प्रकार किया जाए घ. PPE का प्रयोग न करने के खतरे ङ. मशीन/उपकरण के प्रयोग सम्बंधी सुरक्षा प्रशिक्षण	0	M
	SR-OH 3.4	सम्भावित खतरे वाले कार्य को करने वाले श्रमिकों को नियमित प्रशिक्षण दिया जाता है। उत्पादन की प्रक्रिया में प्रयुक्त रसायनों का प्रयोग, भंडारण, या व्ययन करने वाले श्रमिकों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाता है।	0	
SR-OH 4	SR-OH 4.1	फैक्टरी एक लिखित, समेकित और व्यापक व्यावसायिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा नीति (Occupational Health and Safety Policy) अपनाती है।	1	
SR-OH 4	SR-OH 4.2	फैक्टरी की एक लिखित अग्नि सुरक्षा योजना (Fire Safety Plan) है। अग्नि सुरक्षा योजना में निम्नलिखित विवरण शामिल हैं: क. कार्य स्थल के प्रमुख अग्नि जोखिमों की सूची और उनके उचित प्रयोग तथा भंडारण की प्रक्रियाएं ख. प्रज्ज्वलन के सम्भावित स्रोत और उनके नियंत्रण की प्रक्रियाएं ग. अग्निशमन उपकरण का प्रकार, या वे प्रणालियाँ जो विभिन्न प्रकार के प्रज्ज्वलन स्रोतों से उत्पन्न आग को नियंत्रित कर सकती हैं घ. सभी अग्नि सुरक्षा उपकरणों के रखरखाव की प्रक्रियाएं	1	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
	SR-OH 4.3	फैक्टरी की एक लिखित आपात स्थिति से निपटने की योजना (Emergency Preparedness Plan) है। योजना में निम्नलिखित शामिल हैं: क. मौसम सम्बंधी प्राकृतिक आपदाओं सहित आपात स्थितियों के लिए प्रक्रियाएं ख. बचाव कार्य का प्रकार और निकास मार्ग सम्बंधी निर्देश ग. आपात स्थितियों की सूचना देने सम्बंधी प्रक्रियाएं घ. उन कर्मचारियों के लिए प्रक्रियाएं जो लोगों को बाहर निकाले जाने तक संयंत्र के महत्वपूर्ण हिस्सों का संचालन करते रहेंगे ङ. कर्मचारियों को बाहर निकाले जाने के बाद सभी कर्मचारियों की गिनती करने के लिए एकत्र होने के स्थान और प्रक्रिया का निर्धारण च. कर्मचारियों के लिए अलार्म व्यवस्था, रखरखाव के अभिलेखबद्ध रिकार्ड के साथ छ. बचाव या चिकित्सा ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रियाएं ज. सभी निकास द्वारों और निकास मार्गों की स्पष्ट पहचान बताने वाला तल का रेखा-चित्र	1	
	SR-OH 4.4	उपकरणों और मशीनों के प्रयोग के लिए फैक्टरी की लिखित और निर्धारित सुरक्षित प्रक्रियाएं हैं। प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं: क. मशीनों की सूची ख. मशीनों के सुरक्षित प्रयोग की प्रक्रियाएं ग. रखरखाव की प्रक्रियाएं	0	
	SR-OH 4.5	फैक्टरी चोट लगने की घटनाओं, जिनमें मामूली चोट की घटनाएं भी शामिल हैं, की विभागवार लिखित रिपोर्टें रखती है। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं : क. श्रमिक का नाम ख. घटना का समय और तारीख और दुर्घटना का स्थान ग. परिस्थिति का विवरण (जिसमें मशीनरी/ उपकरण यदि कोई सम्बंधित हो, का विवरण शामिल है) घ. चोट का विवरण ङ. उपचार का विवरण	1	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
SR-OH 5	SR-OH 5.1	श्रमिकों को उपकरण/ मशीनरी तथा PPE के प्रयोग सम्बंधी सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाता है।	0	
	SR-OH 5.2	फैक्टरी एक लिखित चिकित्सा और प्रथमोपचार नीति अपनाती है। नीति में निम्नलिखित शामिल हैं : क. कर्मचारियों के लिए उपलब्ध चिकित्सा सेवा का विवरण ख. चिकित्सा सेवा का उपयोग कैसे करें ग. आपात चिकित्सा सेवा की व्यवस्था घ. घटनाओं की जाँच की प्रक्रियाएं ङ. प्रथमोपचार किट का रखरखाव, जिसमें किट की नियमित जाँच, उनमें सही दवाएं रखने, और आवश्यकता होने पर उनका पुनर्भरण करने के दायित्व वाले कर्मचारियों की श्रृंखला शामिल है च. प्रथमोपचार प्रशिक्षण छ. घायल श्रमिकों को अस्पताल ले जाए जाने सम्बंधी प्रक्रियाएं ज. चोट लगने की स्थिति में घायल श्रमिकों के परिजनों को सूचित करने सम्बंधी प्रक्रियाएं	0	
	SR-OH 5.3	पूर्णकालिक चिकित्सा व्यवसायी के उपलब्ध न होने की स्थिति में एक प्रतिशत श्रमिकों को प्रथमोपचार का औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त है (सम्बंधित प्रमाणपत्र फाइल में उपलब्ध हों)	1	
	SR-OH 5.4	प्रति 100 कर्मचारियों के लिए एक प्रथमोपचार किट उपलब्ध है। प्रथमोपचार किट में निम्नलिखित शामिल हैं : क. पट्टियाँ ख. रोगाणुरहित जालीदार कपड़े की पट्टी/ रूई ग. ऐडहीसिव टेप/ प्लास्टर्स घ. रोगाणुनाशक/ एन्टिसेप्टिक एजेंट ङ. एन्टिबैक्टीरियल मरहम च. रोगाणुमुक्त/सर्जिकल दस्ताने	0	
	SR-OH 5.5	प्रथमोपचार किट इस प्रकार रखे गए हैं कि उन्हें आसानी से देखा जा सकता है (या संकेत द्वारा स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है) और प्राप्त किया जा सकता है।	0	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
SR-OH 5	SR-OH 5.6	वैयक्तिक सुरक्षा उपकरण (Personal Protective Equipment) (PPE) के सम्बंध में फैक्टरी की एक लिखित नीति है। नीति में निम्नलिखित शामिल हैं : क. उत्पादन सम्बंधी ऐसे कार्य क्षेत्रों का विवरण जहाँ PPE की आवश्यकता है ख. प्रयोग किए जाने वाले PPE के प्रकार ग. उन क्षेत्रों में श्रमिकों को उपलब्ध कराए गए प्रशिक्षण का प्रकार और बारंबारता घ. PPE का वितरण किस प्रकार किया जाता है ङ. PPE की खरीद, जाँच, स्वीकृति और अस्वीकृति सम्बंधी प्रोटोकॉल च. यदि श्वास यंत्र की आवश्यकता हो, तो PPE नीति में श्रमिकों के लिए उपयुक्त चिकित्सा जाँच और फिटिंग्स की व्यवस्था है ताकि श्वासयंत्र का सुरक्षित और उचित प्रयोग सुनिश्चित किया जा सके।	0	
	SR-OH 5.7	जिन क्षेत्रों में PPE का प्रयोग किए जाने की आवश्यकता है उन सभी स्थानों पर पहने जाने वाले उपकरणों के संकेत दिए गए हैं। जिन श्रमिकों के लिए PPE की आवश्यकता है, वे सभी इनका उपयोग कर रहे हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं: क. आँखों की सुरक्षा: जहाँ लगातार तेज़ रोशनी हो, मलबा या धूल उड़ती हो, या प्राइमर्स, क्लीनर्स या रसायनों के छींटे उड़ते हों ख. कानों के प्लग्स: जहाँ शोर के स्तर की माप (आठ घंटे की औसत अवधि के लिए) 85dB (A)85 से अधिक हो ग. रसायन-रोधी दस्ताने: जब सरेस, विलायक, ऐडहीसिव या फिनिश जैसे रसायनों का प्रयोग करने की आवश्यकता हो घ. चेन मेल दस्ताने: जब कटाई करने वाले औज़ारों से काम करना हो ङ. धूल कणों के लिए मास्क: जहाँ धूल कणों का स्तर आवश्यकता से अधिक हो च. वाष्प के लिए मास्क: जहाँ धुआं का स्तर अनुमत सीमा से अधिक हो छ. उपयुक्त जूते: गीले फर्श पर काम करने के लिए ज. प्रबलित जूते या बूट: भारी उपकरणों का प्रचालन करने के लिए	0	
SR-OH 6	SR-OH 6.1	किसी गर्भवती महिला को उसकी इच्छा के विरुद्ध किसी ऐसे काम में नहीं लगाया जाता है जिससे उसके या गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य के लिए जोखिम उत्पन्न हो।	0	M
	SR-OH 6.2	फैक्टरी नई और गर्भवती माताओं के लिए जोखिम विश्लेषण करती है। फैक्टरी नई और गर्भवती माताओं के लिए नियोजन तथा कार्यस्थल सम्बंधी जोखिमों का विश्लेषण करते समय मातृत्व सम्बंधी सभी राष्ट्रीय कानूनों का पालन करती है।	0	
	SR-OH 6.3	फैक्टरी इस मूल्यांकन के परिणामों के सम्बंध में श्रमिकों को प्रभावी ढंग से सूचित करती है।	0	
	SR-OH 6.4	फैक्टरी किसी भी प्रकार के जोखिमों को कम करने के लिए नई और गर्भवती माताओं को सौंपे गए कार्यों में आवश्यकतानुसार परिवर्तन करती है।	0	
	SR-OH 6.5	गर्भावस्था की स्थिति में तीसरे तिमाही के समय या उससे पहले कार्य सौंपते समय चिकित्सक की सिफारिश पर समुचित ध्यान रखा जाता है (वेतन मे किसी प्रकार की कटौती के बिना कम से कम न्यूनतम मजदूरी पर हल्का कार्य करने का विकल्प दिया जाता है)	1	M

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
SR-OH 6	SR-OH 6.6	जब तक कि किए जाने वाले कार्य से गर्भवती महिला या उसके गर्भस्थ शिशु को खतरा न हो, हल्के कार्य को करने के लिए गर्भवती श्रमिक का स्थानान्तरण स्वेच्छा के आधार पर ही किया जाता है।	1	M
	SR-OH 6.7	लम्बे समय तक खड़े रहने से बचने के लिए गर्भवती महिलाओं के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की जाती है।	1	M
SR-OH 7	SR-OH 7.1	महिला तथा पुरुष वर्ग के कर्मचारियों के लिए प्रत्येक वर्ग के प्रति 25 कर्मचारियों के लिए कम से कम एक शौचालय है। शौचालयों में संवातन और वायु संचार की पर्याप्त व्यवस्था है, समुचित निजता सुनिश्चित की गई है, शौचालय स्वच्छ तथा सुचारु हैं, और उनमें हाथ धोने के लिए साबुन उपलब्ध है। शौचालयों में हाथ धोने के लिए पानी के नल की व्यवस्था है।	0	
	SR-OH 7.2	सभी श्रमिकों को पीने का पानी निःशुल्क उपलब्ध है।	0	
	SR-OH 7.3	पीने के पानी के बर्तन साफ हैं और उन्हें संदूषण से बचाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था की गई है।	0	
	SR-OH 7.4	पीने के पानी पर स्पष्ट लेबल लगाया गया है कि वह पीने का पानी है।	0	
	SR-OH 7.5	कैफेटेरिया की स्थिति और भोजन के रखरखाव में स्वच्छता बरती जाती है।	0	
	SR-OH 7.6	यदि फैक्टरी में कैफेटेरिया है तो वहाँ सभी सरकारी स्वास्थ्य सम्बंधी निरीक्षणों और प्रमाणनों का रिकॉर्ड रखा जाता है।	0	
SR-OH 8	SR-OH 8.1	आवास का स्तर राष्ट्रीय कानून के अनुरूप है। शयनशाला स्वच्छ, सुरक्षित है, वहाँ प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था है, संवातित है, और उसे ठंडा या गर्म रखने की पर्याप्त व्यवस्था है। प्रत्येक वासी के पास उसका अपना बिस्तर है।	0	
	SR-OH 8.2	शयनशालाओं में श्रमिकों को निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध हैं : क. पर्याप्त तथा सुविधाजनक जल आपूर्ति ख. शावर्स जिनमें निजता का समुचित ध्यान रखा गया है ग. सुरक्षित पेय जल घ. रसोई ङ. स्वच्छ, सुचारु शौचालय जिनमें संवातन और वायु संचार की समुचित व्यवस्था है, समुचित निजता है, रात में प्रकाश की व्यवस्था है और हाथ धोने के लिए साबुन उपलब्ध है।	0	
	SR-OH 8.3	शयनशालाओं में रहने वाले श्रमिकों को अग्निशामक यंत्रों के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया है। अग्निशामक यंत्र क. प्रत्येक बिस्तर से 75 फीट (23 मीटर) की दूरी के अन्दर है ख. पूरी तरह भरे हैं ग. आसानी से देखे और प्रयोग के लिए हासिल किए जा सकते हैं घ. स्पष्ट तौर पर अंकित हैं।	0	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
SR-OH 8	SR-OH 8.4	शयनशालाओं में आपातकालीन निकास द्वार निम्नलिखित अपेक्षाओं को पूरा करते हैं : क. दो निकास हैं जो एक दूसरे से पर्याप्त दूरी पर हैं ख. आपातकालीन निकास के दरवाज़े बाहर की ओर खुलते हैं ग. निकास मार्ग भवन से बाहर किसी सुरक्षित स्थान की ओर जाते हैं घ. निकास संकेत 30 मीटर (100 फीट) की दूरी से देखे जा सकते हैं ङ. संकेत चमकीले रंग वाले हैं या प्रकाशित किए गए हैं, उनका सामने का पैनल फोटोल्यूमिनिसेंट है च. सीढ़ियों में आपातकालीन लाइटें लगाई गई हैं जो बैटरी बैक-अप से युक्त हैं छ. निकास मार्ग को प्रकाशित करने के लिए जगह-जगह पर आपातकालीन लाइटे लगाई गई हैं जो बैटरी बैक-अप से युक्त हैं	0	
	SR-OH 8.5	दूसरे निवासियों की वैयक्तिक सुरक्षा और निजता का ध्यान रखने के अलावा किसी निवासी की घूमने-फिरने की स्वतंत्रता पर कोई प्रतिबंध नहीं है।	0	M
	SR-OH 8.6	शयनशाला के किसी भी निकास द्वार पर कभी भी ताला नहीं लगाया जाता है।	0	M
	SR-OH 8.7	घरबन्दी का समय व्यावहारिक और स्वैच्छिक है।	0	
	SR-OH 8.8	फैक्टरी परिसर और फैक्टरी द्वारा नियंत्रित शयनशालाओं की सुरक्षा करने वाले सुरक्षा गार्डों को सौंपे गए दायित्व और उन पर नियंत्रण की व्यवस्थाएं स्पष्ट और निर्धारित हैं।	0	
	SR-OH 8.9	सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रतिबंधों के अलावा कोई और प्रतिबंध नहीं हैं।	0	
SR-OH 9	SR-OH 9.1	श्रमिक को सन्निकट गम्भीर खतरे से दूर चले जाने का अधिकार है।	0	M
SR-OH 10	SR-OH 10.1	फैक्टरी समुचित उच्चतर स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा सुविधाएं, जिनमें आपातकालीन स्थिति में परिवहन की व्यवस्था शामिल है, का आश्वासन देती है।	0	
SR-OH 11	SR-OH 11.1	कार्यस्थल के लिए आवश्यक और उपयुक्त वस्त्र निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं।	0	
FA	संघ बनाने की स्वतंत्रता; SA 8000: संघ बनाने की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदाकारी का अधिकार			
SR-FA 1	SR-FA 1.1	फैक्टरी एक लिखित नीति अपनाती है जिसमें श्रमिकों के संघ बनाने की स्वतंत्रता के अधिकार और सामूहिक सौदाकारी के अधिकार का सम्मान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।	0	M
	SR-FA 1.2	फैक्टरी प्रबंधक ऐसे संगठनों के साथ सहयोग नहीं करते जो श्रमिकों को उनके संघ बनाने के अधिकार का प्रयोग करने से रोकने के लिए राज्य की शक्तियों का सहारा लेते हैं।	0	
	SR-FA 1.3	प्रबंधन श्रमिक संगठनों को जो फैक्टरी में मौजूद नहीं हैं, यह अनुमति देता है कि वे हस्तक्षेप के बिना सहमति के आधार पर निर्धारित समय और स्थान पर श्रमिकों को सूचनाएं प्रदान कर सकें।	0	M
	SR-FA 1.4	प्रबंधन कोई हस्तक्षेप किए बिना चुने हुए प्रतिनिधियों को कार्य स्थल पर सभी श्रमिकों से मिलने और बात करने की तथा श्रमिकों को कार्य समय के दौरान बैठकें आयोजित करने और अपने आप को संगठित करने की अनुमति प्रदान करता है।	0	M

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
SR-FA 1	SR-FA 1.5	जहाँ सक्रिय श्रमिक संगठन मौजूद है, वहाँ लागू: अनुरोध किए जाने पर प्रबंधन कार्य समय में (कटौतियों या अपेक्षित भुगतानों के बिना) और उचित सीमा तक प्रतिनिधियों को महीने में कम से कम एक बार आपस में बैठकें आयोजित करने की अनुमति प्रदान करता है।	1	
	SR-FA 1.6	फैक्टरी संघ के आधार पर गैर भेदभाव पर विशेष बल देते हुए संघ बनाने की स्वतंत्रता के बारे में जानकारी देने के लिए सभी प्रबंधकों और पर्यवेक्षकों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित करती है।	1	
	SR-FA 1.7	जहाँ सक्रिय श्रमिक संगठन मौजूद है, वहाँ लागू: वरिष्ठ प्रबंधकों और श्रमिकों के प्रतिनिधियों के बीच नियमित (कम से कम हर तिमाही में एक) बैठकें आयोजित की जाती हैं।	1	
	SR-FA 1.8	जहाँ सक्रिय श्रमिक संगठन मौजूद है, वहाँ लागू: श्रमिकों के प्रतिनिधियों की नियमित बैठकों का कार्यक्रम तय किया गया है और उसे प्रबंधन द्वारा अनुमोदित किया गया है।	0	
	SR-FA 1.9	इन बैठकों के परिणामों को अभिलेखबद्ध किया जाता है और श्रमिकों के प्रतिनिधि श्रमिकों को इनकी जानकारी देते हैं।	1	
	SR-FA 1.10	जहाँ सक्रिय श्रमिक संगठन मौजूद है, वहाँ लागू: फैक्टरी श्रमिकों पर सीधे प्रभाव डालने वाली नीतियों और निर्णयों के सम्बंध में श्रमिक संघ और/या श्रमिकों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय करती है।	1	
SR-FA 2	SR-FA 2.1	जहाँ संघ बनाने की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदाकारी के अधिकार कानून के तहत प्रतिबंधित हैं, वहाँ प्रबंधन श्रमिकों को स्वतंत्र रूप से अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करने का अवसर प्रदान करता है।	0	M
SR-FA 3	SR-FA 3.1	फैक्टरी श्रमिकों तक पहुँच पर कोई अनुचित शर्तें नहीं लगाती है।	0	M
	SR-FA 3.2	प्रबंधक और/या पर्यवेक्षी कर्मचारी अपने वचन या कर्म से, अवपीड़क या अन्यथा रूप में (संघ बनाने के प्रति फैक्टरी के खुलेपन और यहाँ दर्शाए गए मानकों के पालन के लिए अपनी प्रतिबद्धता सूचित करने के अपवाद को छोड़कर) किसी भी श्रमिक के संघ बनाने या संघ की गतिविधियों में शामिल होने के निर्णय को प्रभावित करने का प्रयास नहीं करते हैं।	0	M
	SR-FA 3.3	किसी श्रमिक संघ में शामिल होना या जुड़ा होना श्रमिक के नियोजन को प्रभावित नहीं करेगा; न ही पदोन्नति, अवनति, या स्थानान्तरण का आधार होगा; अनुशासनात्मक कार्रवाई या निष्कासन का आधार नहीं बनेगा।	0	M
	SR-FA 3.4	संघ की गतिविधियों के कारण श्रमिकों को उत्पीड़न और दुर्व्यवहार से सुरक्षा प्रदान करने के लिए स्पष्ट और निर्धारित नीतियाँ है।	0	
	SR-FA 3.5	श्रमिक संघ विरोधी भेदभाव और उत्पीड़न तथा दुर्व्यवहार की शिकायतों के मामलों को रिपोर्ट करने के लिए फैक्टरी की स्पष्ट और स्थापित प्रक्रियाएं हैं जिनमें स्पष्ट किया गया है कि शिकायत किससे की जाए, कब की जाए, और किस रूप में की जाए।	0	
	SR-FA 3.6	फैक्टरी श्रमिक संघ या श्रमिक समिति के सदस्यों (नेताओं) की बरखास्तगी के सभी मामलों का रिकॉर्ड रखती है।	0	
SR-FA 3	SR-FA 3.7	फैक्टरी कम से कम तीन वर्ष की अवधि के लिए निरस्त किए गए सभी अनुबंधों का रजिस्टर रखती है जिसमें निष्कासन की परिस्थितियों/कारणों सम्बंधी विवरण दर्ज किया जाता है।	1	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
SR-FA 4	SR-FA 4.1	प्रबंधन यह सुनिश्चित करता है कि प्रमाणन के एक वर्ष के भीतर सभी श्रमिकों को श्रमिक संघ बनाने की स्वतंत्रता और सभी उपलब्ध विकल्पों की जानकारी किसी स्वतंत्र स्रोत के माध्यम से उपलब्ध करा दी जाए।	1	
ND	गैर-भेदभाव; SA 8000: भेदभाव			
SR-ND 1	SR-ND 1.1	किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है, विशेष तौर पर वंश, रंग, लिंग, यौन झुकाव, निशक्तता, वैवाहिक स्थिति, पारिवारिक दायित्वों, आयु, धर्म, राजनैतिक विचार, श्रमिक संघ या श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले निकाय या फेयर ट्रेड समिति की सदस्यता, राष्ट्रीय मूल या सामाजिक मूल या कोई अन्य शर्त जो भर्ती, पदोन्नति, प्रशिक्षण प्राप्ति, पारिश्रमिक, कार्य आवंटन, सेवा समाप्ति, सेवानिवृत्ति या अन्य कार्यकलापों के मामले में भेदभाव का कारण बन सकती है, के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है।	0	M
	SR-ND 1.2	फैक्टरी की एक लिखित नीति है जो नियोजन और पदोन्नति/प्रगति में गैर-भेदभाव का समर्थन करती है।	0	
	SR-ND 1.3	फैक्टरी एक स्पष्ट और निर्धारित भर्ती प्रक्रिया अपनाती है (उदाहरण के लिए विज्ञापन, तैनातियाँ, वॉक-इन आवेदन) जो किन्हीं विशिष्ट व्यक्तियों या समूहों को अनुचित ढंग से वर्जित न करती हों।	3	
	SR-ND 1.4	श्रमिकों के प्रत्येक वर्ग के लिए फैक्टरी एक लिखित चयन मानदंड अपनाती है जो पद के कार्य और अपेक्षित कौशलों और वस्तुनिष्ठ चयन साधनों और मानदंडों पर (जैसे कौशल परीक्षण, साक्षात्कार गाइड) पर आधारित है।	1	
	SR-ND 1.5	फैक्टरी एक कार्यनिष्पादन प्रबंधन व्यवस्था अपनाती है जिसमें पदोन्नति, वेतन की दृष्टि से पद के महत्व निर्धारण, योग्यता वृद्धियों, और प्रशिक्षण प्राप्ति और रोजगार की सुरक्षा के आधार पर श्रमिकों के कार्यनिष्पादन के मूल्यांकन का आधार बनती है।	3	
	SR-ND 1.6	वेतन में असमानता की अनुमति तभी है जब यह असमानता वरिष्ठता, योग्यता, उत्पादन की मात्रा या गुणवत्ता, या लिंग से इतर किसी अन्य कारक पर आधारित हो, और इन असमानताओं को कार्यनिष्पादन प्रबंधन व्यवस्था के माध्यम से दर्शाया जाना चाहिए।	0	
	SR-ND 1.7	वेतन की असमानता को ठीक करने के लिए, किसी दूसरे श्रमिक के वेतन को कम नहीं किया जाना चाहिए। बल्कि कम वेतन पाने वाले श्रमिक के वेतन को अवश्य बढ़ाया जाना चाहिए।	1	
	SR-ND 1.8	श्रमिकों को प्रशिक्षण प्राप्त करने का समान अवसर दिया जाता है।	3	
SR-ND 1	SR-ND 1.9	फैक्टरी भेदभाव के मामले रिपोर्ट करने के लिए एक स्पष्ट और स्थापित प्रक्रिया अपनाती है जिसमें दर्शाया गया है कि रिपोर्ट किससे की जाए, कब की जाए और किस रूप में की जाए।	1	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
SR-ND 2	SR-ND 2.1	प्रबंधन श्रमिकों के मतों या परम्पराओं का पालन करने, या वंश, राष्ट्रीय या सामाजिक मूल, धर्म, अक्षमता, लिंग, यौन झुकाव, पारिवारिक उत्तरदायित्वों, किसी संघ की सदस्यता, राजनैतिक विचारों या भेदभाव उत्पन्न करने वाले कारण से सम्बंधित आवश्यकताओं को पूरा करने के श्रमिकों के अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं करता है।	0	
SR-ND 3	SR-ND 3.1	फैक्टरी यह सुनिश्चित करती है कि श्रमिकों को यौन खतरों से मुक्त ऐसा कार्य वातावरण उपलब्ध कराया जाए जो अश्लील साहित्य या अन्य प्रकार की परोक्ष अश्लील सामग्री, यौन छेड़खानी या परोक्ष यौन संकेतों से मुक्त हो।	0	
SR-ND 4	SR-ND 4.1	किसी पद के लिए आवेदन करते समय किसी भी महिला आवेदक को गर्भावस्था का परीक्षण कराने के लिए नहीं कहा जाता है और न ही उनकी गर्भावस्था के सम्बंध में प्रश्न पूछे जाते हैं।	0	M
	SR-ND 4.2	किसी भी महिला श्रमिक को (जब तक कि सम्बंधित देश के कानून में ऐसी अपेक्षा न की गई हो) उसकी गर्भावस्था की स्थिति के बारे में प्रश्न नहीं पूछे जाते हैं।	0	M
WR	महिलाओं के अधिकार	*फैक्टरियों में काम करने वाली महिलाओं के संदर्भ में, विशेष तौर पर वस्त्र उत्पादक फैक्टरियों में कार्य करने वाली महिलाओं के संदर्भ में फेयर ट्रेड यू.एस.ए. की यह मान्यता है कि सामाजिक उत्तरदायित्व और महिलाओं के सशक्तीकरण पर अतिरिक्त बल दिए जाने की आवश्यकता है। हालाँकि इनमें से कुछ मानदंड गैर-भेदभाव और सामाजिक उत्तरदायित्व सम्बंधी सामान्य अपेक्षाओं के अन्तर्गत शामिल किए जा चुके हैं, उन्हें यहाँ विशेष बल देने की दृष्टि से दोहराया जा रहा है। महिलाओं के अधिकार उत्पादन स्थल पर लेखापरीक्षकों के हर प्रकार के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण का आधार होते हैं।*		
SR-WR 1	SR-WR 1.1	नियोक्ताओं को महिलाओं और पुरुषों को असमान मजदूरी का भुगतान नहीं करना चाहिए जब वे ऐसे कार्य कर रहे हों जिनके लिए मूलतः समान कौशल, प्रयास और उत्तरदायित्व की आवश्यकता होती है, और जिन्हें एक ही संस्था में समान कार्य स्थितियों में किया जाता है।	0	M
SR-WR 2	SR-WR 2.1	पुनः जाँच आवश्यक नहीं: CC ऊपर SR-ND 4 के समान		
SR-WR 3	SR-WR 3.1	मातृत्व अवकाश पर श्रमिकों की मजदूरी में कोई कटौती नहीं की जाती है और न ही बरखास्तगी की जाती है।	0	M
	SR-WR 3.2	मातृत्व अवकाश से लौटने वाली श्रमिकों को पुराने वेतन की दर और लाभों के आधार पर उनके पुराने पद का कार्य वापस दिया जाता है।	0	M
SR-WR 4	SR-WR 4.1	मातृत्व अवकाश पूरे वेतन पर आठ सप्ताह से कम नहीं होगा, जिसमें वार्षिक छुट्टियाँ शामिल नहीं हैं। काम पर वापसी के बाद कार्य समय के दौरान शिशु को स्तनपान कराने का अवकाश दिया जाना	1	
SR-WR 5	SR-WR 5.1	श्रमिकों पर गर्भनिरोधक का प्रयोग करने के लिए कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष दबाव नहीं है।	0	M
SR-WR 6	SR-WR 6.1	पुनः जाँच आवश्यक नहीं: CC ऊपर SR-OH 6 के समान		
SR-WR 7	SR-WR 7.1	प्रबंधन यह सुनिश्चित करने के लिए एक नीति अपनाता है कि सुविधावंचित/अल्पसंख्यक समूहों (महिलाओं सहित) की कौशल तथा विकास सम्बंधी आवश्यकताओं को प्रशिक्षण तथा अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से पूरा किया जाए।	0	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
	SR-WR 7.2	प्रबंधन यह सुनिश्चित करने की नीति कार्यान्वित करता है सभी कर्मचारी/ श्रमिक (और अधिक) योग्यताएं हासिल कर सकें।	1	
ERM	**पर्यावरण सम्बंधी उत्तरदायित्व एवं प्रबंधन**			
MS	निगरानी तंत्र			
ERM-MS 1	ERM-MS 1.1	फैक्टरी की एक लिखित पर्यावरण सम्बंधी नीति (Environmental Policy) है। यह नीति पर्यावरण सम्बंधी जोखिमों की पहचान करने और उन जोखिमों को कम करने की योजनाओं के प्रति फैक्टरी की वचनबद्धता को व्यक्त करती है।	0	M
ERM-MS 2	ERM-MS 2.1	इस मानक की पर्यावरण सम्बंधी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए फैक्टरी एक पर्यावरण प्रबंधन व्यवस्था का पालन करती है। EMS में संसाधनों तथा ऊर्जा के कुशल प्रयोग की योजना शामिल है।	1	
	ERM-MS 2.2	फैक्टरी के मान्यता प्राप्त आपूर्तिकर्ताओं की एक सूची है जिनसे फैक्टरी PVC और दूसरे सम्भावित रूप से खतरनाक सिन्थेटिक्स खरीदती है। फैक्टरी यह सुनिश्चित करती है कि उपर्युक्त सभी आपूर्तिकर्ताओं को उत्तरदायी ढंग से अपशिष्ट प्रबंधन व्ययन अपेक्षाओं के बारे में सूचित कर दिया जाए।	1	
ERM-MS 3	ERM-MS 3.1	फैक्टरी कार्यक्षमता बढ़ाने और उसके माध्यम से प्रदूषण तथा अपव्यय कम करने; कच्ची सामग्रियों सहित प्राकृतिक संसाधनों, ऊर्जा और जल के प्रयोग में कमी लाने; अपशिष्टों के समुचित प्रबंधन और अपशिष्टों के व्ययन से सम्बंधित किसी भी प्रकार की पर्यावरण सम्बंधी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से एक योजना का पालन करती है।	3	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
HM	खतरनाक सामग्रियाँ			
ERM-HM 1	ERM-HM 1.1	फैक्टरी रसायनों के भंडारण, वितरण और प्रयोग की दृष्टि से एक लिखित नीति का पालन करती है। इस नीति में निम्नलिखित शामिल हैं: क. उत्पादन की प्रक्रियाओं में प्रयुक्त सभी खतरनाक सामग्रियों की सूची ख. सामग्रियों के भंडार की मात्रा ग. भंडारण, प्रयोग और व्ययन की प्रक्रियाएं घ. सामग्रियों का प्रयोग करने वाले सभी कर्मचारियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण का प्रकार और आवधिकता ङ. खतरनाक तथा विषैले रसायनों और सामग्रियों के प्रयोग को क्रमिक रूप से समाप्त किए जाने की योजना च. यह सुनिश्चित करने के लिए लिखित प्रक्रियाएं तथा निर्देश कि स्प्रे करने का कार्य सुरक्षित ढंग से किया जाए। स्प्रेयर्स दिन में चार घंटे से अधिक समय तक स्प्रे करने का कार्य न करें। छ. जोखिम को देखते हुए रसायनों का प्रयोग करने वाले श्रमिकों के लिए चक्रानुक्रम की योजना ज. बिखरे हुए रसायनों को समेटने और उनके व्ययन की योजना सहित रसायनों के रिसाव से निपटने की समुचित योजना	0	
	ERM-HM 1.2	कार्यस्थल पर रसायनों के प्रयोग की दृष्टि से निम्नलिखित अपेक्षाएं पूरी की जाती हैं : 1. कार्यस्थल पर रखे गए रसायनों का भंडारण सुरक्षित ढंग से किया गया है और उन पर नामों के लेबल उन भाषाओं में लगाए गए हैं जिन्हें श्रमिक समझते हैं। 2. जिन क्षेत्रों में रसायनों का प्रयोग किया जाता है वहाँ सुरक्षा तथा चेतावनी के संकेत लगाए गए हैं। 3. रसायनों को वितरित करने और मिलाने का काम एक अलग, और भली प्रकार से संवातित कमरे या क्षेत्र में किया जाता है। 4. इस बात के संकेत लगाए गए हैं कि श्रमिक रसायनों का प्रयोग करने के बाद बाथरूम, रसोई या कार्यक्षेत्रों में अपने हाथ धो लें।	0	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
ERM-HM 1	ERM-HM 1.3	रसायनों के भंडारण में निम्नलिखित अपेक्षाओं को पूरा किया जाता है: 1. अधिक मात्रा में रसायनों का भंडारण एक अलग भंडारण क्षेत्र में किया जाता है 2. रसायनों को सुरक्षित बर्तनों में रखा जाता है और उन पर नामों के लेबल उन भाषाओं में लगाए गए हैं जिन्हें श्रमिक समझते हैं 3. रसायन भंडारण क्षेत्र में वायु संचार की समुचित व्यवस्था है 4. भंडारण क्षेत्र में रसायनों के प्रयोग सम्बंधी निर्देश प्रदर्शित किए गए हैं 5. सामग्री सुरक्षा सम्बंधी डाटा शीट [Material Safety Data Sheets (MSDS)] प्रदर्शित की गई हैं या सुगमता से उपलब्ध हैं 6. सामग्री सुरक्षा सम्बंधी डाटा शीट (MSDS) उस भाषा में लिखी गई हैं जिसे श्रमिक समझते हैं 7. बिखरे हुए रसायनों को एक अलग बर्तन में जमा किया जाता है। बर्तन में जमा किए गए रसायन का व्ययन फैक्टरी के नियमों और राष्ट्रीय कानून के अनुसार किया जाता है, और उसे खुली जल धाराओं या नालियों में नहीं बहाया जाता है।	0	
	ERM-HM 1.4	किसी भी प्रकार के सम्भावित रूप से खतरनाक रसायन का प्रयोग करने वाले श्रमिकों की निःशुल्क चिकित्सा जाँच (जोखिम के स्तर के अनुसार) श्रमिकों के द्वारा चुने गए किसी चिकित्सक से कराई जाती है।	0	
	ERM-HM 1.5	चिकित्सा जाँच के परिणामों की सूचना गोपनीय ढंग से श्रमिकों को दे दी जाती है।	0	
	ERM-HM 1.6	परिणामों का विश्लेषण किया जाता है और यदि किसी समस्या का पता चलता है तो सुधारात्मक योजना लागू की जाती है।	0	
ERM-HM 2	ERM-HM 2.1	फैक्टरी ने फेयर ट्रेड उत्पादों और उनके विनिर्माण में निम्नलिखित रसायनों का प्रयोग बन्द कर दिया है: अमेरिकन अपेरेल एण्ड फुटवेयर एसोसिएशन [American Apparel and Footwear Association (AAFA)] की प्रतिबंधित सामग्रियों की सूची (Restricted Substances list) निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध है: https://www.apparelandfootwear.org/Resources/RestrictedSubstances.asp	1	
	ERM-HM 2.2	यदि फैक्टरी European Union की अत्यधिक चिन्ताजनक सामग्रियों की रीच सूची (REACH List of Substances of Very High Concern) में शामिल रसायनों में से किसी रसायन का प्रयोग कर रही है (यह सूची: http://echa.europa.eu/web/guest/candidate-list-table के पते पर उपलब्ध है), तो फैक्टरी ने प्रमाणन के तीसरे वर्ष तक उसके प्रयोग को क्रमिक रूप से समाप्त करने की योजना तैयार की है और उस योजना को लागू किया जा रहा है।	1	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
WM	अपशिष्ट व्ययन			
ERM-WM 1	ERM-WM 1.1	रासायनिक और खतरनाक अपशिष्ट को व्ययन के लिए खतरनाक अपशिष्टों के एक प्राधिकृत परिवाहक द्वारा जमा करके अपशिष्ट व्ययन और पुनःप्राप्ति स्थल पर ले जाया जाता है।	0	
	ERM-WM 1.2	घरेलू मल-जल, जैसे रसोई और शौचालयों से निकलने वाला पानी सीधे खुले जलाशयों में नहीं छोड़ा जाता है। यदि मल-जल के उपचार के लिए कोई सार्वजनिक व्यवस्था उपलब्ध न हो तो सैप्टिक टैंक की व्यवस्था की गई है।	0	M
	ERM-WM 1.3	कार्यस्थल पर एक सुचारु अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली उपलब्ध है या अपशिष्ट जल को किसी सुचारु ढंग से कार्य करने वाले केन्द्रीयकृत अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र में भेजा जाता है।	0	
	ERM-WM 1.4	अपशिष्ट जल की जाँच के परिणाम सरकार या स्थानीय प्राधिकारियों के पास भेजे जाते हैं और उपचार संयंत्र का प्रचालन करने के लिए वैध अनुमति-पत्र फाइल पर उपलब्ध हैं।	1	
	ERM-WM 1.5	अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र का रखरखाव भली भांति किया जाता है।	1	
	ERM-WM 1.6	अपशिष्ट जल भंडारण क्षेत्र: का रखरखाव समुचित है, ढका हुआ है, फर्शदार है, और मौसम के प्रभावों और आग लगने के जोखिम से सुरक्षित है।	0	
TR	**व्यापारिक अपेक्षाएं**			
BR	बुनियादी अपेक्षाएं			
TR-BR 1	TR-BR 1.1	फैक्टरी को उन सभी स्थलों, जहाँ फेयर ट्रेड कार्यकलाप संचालित किए जाते हैं, जिनमें उसके सभी कार्यस्थल और श्रमिकों के आवास शामिल हैं, सम्बंधित अभिलेखों, फैक्टरी प्रबंधन, और श्रमिकों तक अधिकृत लेखा-परीक्षकों की पहुँच सुनिश्चित करनी चाहिए।	0	M
	TR-BR 1.2	लेखा-परीक्षकों द्वारा चुने जाने वाले दस्तावेज़ों और/या श्रमिकों सहित सामाजिक लेखा-परीक्षाओं की प्रक्रिया में प्रबंधन की ओर से कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाता है।	0	M
	TR-BR 1.3	प्रबंधन लेखा-परीक्षा के निष्कर्षों को स्वीकार करता है, और मुद्दों को छुपाने, लेखा-परीक्षकों को असत्य जानकारी देने, या अन्यथा रूप में फैक्टरी की स्थितियों के बारे में स्पष्ट जानकारी न देने का कोई प्रयास नहीं किया जाता है।	0	M
	TR-BR 1.4	ऐसा कोई संकेत नहीं है कि लेखा-परीक्षकों को गुमराह करने के लिए श्रमिकों को पहले से सिखाया गया है।	0	M
	TR-BR 1.5	प्रबंधन, उत्तरदायी कर्मचारी और दस्तावेज तैयार रखे गए हैं और प्रश्नों के उत्तर तत्परता से दिए जाते हैं, जिससे लेखा-परीक्षा अधिक प्रभावशाली ढंग से की जा सकती है।	0	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
TR-BR 1	TR-BR 1.6	कम से कम प्रारम्भिक और समापन बैठकों के दौरान, वरिष्ठ प्रबंधक उपस्थित रहते हैं।	0	
	TR-BR 1.7	प्रबंधन ने लेखा-परीक्षा में उठाए गए सभी मुद्दों के सम्बंध में सुधारात्मक व्यापक कार्य योजना के लिए सहमति व्यक्त की है।	0	
TR-BR 2	TR-BR 2.1	फैक्टरी को प्रत्येक श्रमिक के सम्बंध में नियुक्ति सम्बंधी प्रक्रियाओं और अभिलेखों (जिनमें भुगतान की गई मजदूरी और किए गए कार्य के घंटों का विवरण शामिल है) का एक सत्यापन-योग्य, सही-सही और पूर्ण दस्तावेज़ों सहित सेट अवश्य तैयार करना चाहिए। इन रिकॉर्डों को तीन वर्ष की अवधि तक संभाल कर रखना चाहिए।	0	M
	TR-BR 2.2	फैक्टरी के रिकॉर्ड लेखा-परीक्षकों को उपलब्ध हैं और उन्हें तीन वर्ष की अवधि तक स्टोर किया जाता है।	3	
	TR-BR 2.3	भुगतान पंजिका में, कम से कम, निम्नलिखित सूचना के लिए अलग-अलग कॉलम हैं: भुगतान की अवधि, नियमित तथा समयोपरि कार्य की दरें, नियमित कार्य के घंटे, समयोपरि कार्य के घंटे, नियमित तथा समयोपरि मजदूरी, लाभ, बोनस, सकल आय, कटौतियाँ, शुद्ध आय।	0	
	TR-BR 2.4	फैक्टरी श्रमिकों के नियोजन की स्थिति में बदलावों और बदलावों के परिणामस्वरूप उनकी मजदूरी और लाभों में परिवर्तन का रिकॉर्ड श्रमिकों की वैयक्तिक फाइलों में रखती है। स्थिति में बदलाव के इस लिखित रिकॉर्ड में परिवर्तन होने की तारीख शामिल होती है।	1	
ST	आपूर्ति श्रृंखला की अनुमार्गणीयता			
TR-ST 1	TR-ST 1.1	फैक्टरी फेयर ट्रेड उत्पाद आपूर्ति श्रृंखला के सभी आपूर्तिकर्ताओं की सूची प्रस्तुत करती है जिनमें प्रमुख सम्पर्क व्यक्ति और उनका सम्पर्क विवरण शामिल होता है। इस सूची में पैकिंग सुविधाओं, रंग कारखानों, कढ़ाई करने वालों, सहायक उत्पादों और सजावटी सामान के निर्माताओं, घर से काम करने वालों, और उप-संविदाकारों को शामिल किया जाना चाहिए। यदि फेयर ट्रेड प्रमाणित सामग्रियों का प्रयोग किया जा रहा हो तो फैक्टरी उनके उत्पादकों, जैसे वनों और फार्म्स की सूची भी प्रस्तुत करती है।	0	
	TR-ST 1.2	आपूर्तिकर्ताओं या उप-संविदाकारों की सूची में किसी प्रकार का परिवर्तन होने पर फैक्टरी फेयर ट्रेड यू.एस.ए. (Fair Trade USA) को सूचित करती है।	1	
SC	उप-संविदाकारी			
TR-SC 1	TR-SC 1.1	फैक्टरी फेयर ट्रेड उत्पाद के निर्माण की प्रक्रिया में शामिल प्रत्येक उप-संविदाकार और घर से काम करने वाले आपूर्तिकर्ता के साथ लिखित समझौतों के माध्यम से ILO के श्रम मानक का अनुपालन सुनिश्चित करती है।	0	
	TR-SC 1.2	फैक्टरी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लिखित समझौते में फेयर ट्रेड या दूसरे अन्य-पक्ष लेखा-परीक्षकों को प्रत्येक उप-संविदाकार के कार्यस्थल पर लेखा-परीक्षा करने का अधिकार हो।	1	

मानक संदर्भ संख्या	अनुपालन संख्या	अनुपालन सम्बंधी मानदण्ड	वर्ष	मुख्य
TR-SC 1	TR-SC 1.3	आपूर्तिकर्ता और उप-संविदाकार के साथ व्यापार करने की फैक्टरी की एक सुस्थापित नीति है जो फैक्टरी के व्यावसायिक सहयोगियों को फैक्टरी की सामाजिक अनुपालन की नीतियों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करती है। फैक्टरी के उप-संविदाकार/आपूर्तिकर्ता के चयन सम्बंधी मानदंड और प्रक्रियाएं नैतिक और सामाजिक अनुरूपता के मानकों पर आधारित हैं।	0	
	TR-SC 1.4	उप-संविदाकारों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ फैक्टरी के विनिर्माण तथा सेवा समझौतों में शामिल एक शर्त के अनुसार फैक्टरी की सामाजिक अनुरूपता की नीतियों (जिनमें फेयर ट्रेड मानक शामिल हैं) की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए आपूर्तिकर्ता/उप-संविदाकार उत्तरदायी है।	0	
	TR-SC 1.5	उप-संविदा पर कार्य करने वाले श्रमिकों और/या घर से काम करने वाले कार्मिकों को कम से कम विधिसम्मत न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाता है, जिसका निर्धारण उनके अनुबंध-पत्र में किया	0	M
	TR-SC 1.6	उप-संविदा पर कार्य करने वाले श्रमिकों और/या घर से काम करने वाले कार्मिकों को सभी विधिमान्य लाभ प्राप्त होते हैं और उनके अनुबंध में निर्धारित किए गए अतिरिक्त लाभ भी प्राप्त होते हैं।	0	
	TR-SC 1.7	उप-संविदा पर कार्य करने वाले श्रमिकों और/या घर से काम करने वाले कार्मिकों को स्थानीय कानून के अनुसार संघ बनाने की स्वतंत्रता का अधिकार दिया जाता है।	0	M
	TR-SC 1.8	फैक्टरी घर से काम करने वाले कार्मिकों और/या उप-संविदाकारों के नियोजन की नीति अपनाती है।	0	
TR-SC 2	TR-SC 2.1	प्रत्येक उप-संविदाकार इकाई या घर से काम करने वाले कार्मिक के नाम, उसके प्रभारी व्यक्ति के नाम, स्थान और उसके साथ किए गए कार्य अनुबंधों की संख्या का विवरण दर्शाते हुए अभिलेख तैयार किए जाने चाहिए और उन्हें नियमित रूप से अद्यतन बनाया जाना चाहिए।	1	
TR-SC 3	TR-SC 3.1	गम्भीर प्रकृति के उल्लंघनों को बार-बार दोहराए जाने की स्थिति में उप-संविदाकार के साथ सम्बंध समाप्त कर दिया जाता है।	1	